

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 058 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 11 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


# रूस-यूक्रेन युद्ध: विदेश मंत्री जयशंकर बोले- भारत ने अपने लोगों का पक्ष लिया



नई दिल्ली. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के बीच सरकार ने अपने लोगों का पक्ष लिया, क्योंकि हमें अपने फायदे देखना महत्वपूर्ण था. यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए जयशंकर ने जोर देकर कहा कि स्थिति का ठोस और कूटनीतिक समाधान चाहने वाला भारत अकेला नहीं है. 'सरकार ने अपने लोगों का पक्ष लिया. हमें अपना फायदा देखना था और कुछ देशों को पहले आगे आना पड़ा. हम अकेले नहीं हैं जो जल्द से जल्द स्थिति का एक कूटनीतिक समाधान चाहते हैं,'

विदेश मंत्री ने कहा कि विश्व में 200 राष्ट्र हैं, और यदि आप उनसे पूछें कि उनकी स्थिति क्या है, तो अधिकांश लोग चाहेंगे कि युद्ध शीघ्र समाप्त हो, कीमतें गिरें, और प्रतिबंध हटें. दुनिया यही चाहती है और मुझे लगता है कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया और विकासशील देशों की आवाज बन गए हैं. किसी को विकासशील देशों की आवाज बनना होगा.' इसके अलावा, जयशंकर ने विदेशी वीजा जारी करने में देरी की चिंताओं का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि मंत्री स्तर पर उन्होंने इस मामले को अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी सहित पश्चिमी देशों के साथ उठाया था.

'एजेंडा आजतक' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, "यह बिल्कुल सच है और मुझे पता चला है कि जनता के बीच बहुत चिंता है, खासकर उन रिश्तेदारों के लिए जिनके परिवार के सदस्य विदेश में रह रहे हैं या उन छात्रों के लिए जो विदेश में रह रहे हैं. आपातकाल के लिए विभिन्न देशों में जाना चाहता था. पश्चिमी देशों में वीजा का मुद्दा बढ़ रहा है. उन्होंने कहा, 'मंत्री स्तर पर, मैंने इस मुद्दे को अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी के साथ उठाया, जिनके विदेश मंत्री ने हाल ही में भारत का दौरा किया था.'

# 698 एसएचजी को 41 करोड़ 88 लाख का ऋण स्वीकृत

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मिला ऋण
- मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- एसबीआई के महाप्रबंधक आनंद विक्रम तथा उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने दिया ऋण स्वीकृत पत्र

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : दोहरीघाट ब्लाक परिसर में शनिवार को स्वयं सहायता समूह को सरकार की पहल पर ऋण दिया गया।





इस दौरान ब्लाक की चयनित 698 एसएचजी को कुल 41 करोड़ 88 लाख का ऋण दिया गया। विशेष कैंप में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर उपायुक्त भूपेंद्र पाठक भारतीय बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक आनंद विक्रम तथा उप महाप्रबंधक धीरज कुमार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किया गया। जनपद स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कैश क्रेडिट लीकेज के माध्यम से प्रति समूह को छह लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक विक्रम ने कहा कि महिला समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महिला स्वयं सहायता समूह के किसी कार्य में अब पैसे की कमी नहीं आएगी, जो भी समूह भारतीय स्टेट बैंक से संपर्क करेगा उसे उपलब्ध कराया जाएगा। खंड विकास अधिकारी से संदीप सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है की महिलाएं समाज में आज आगे निकल कर स्वावलंबी हो रही है। जिससे ना कि उनके परिवार की अपितु समाज एवं देश की भी उन्नति हो रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन के जिला मिशन प्रबंधक हिमांशु सिंह ने कहा कि समूह को 4 वर्ष हेतु छह लाख की अधिकतम सीमा तक कैश क्रेडिट लीकेज के तहत ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी मिलन सिंह, मनमोहन यादव, सुधांशु राठौर, अमरनाथ आदि मौजूद थे।

**बैठकी**

## "आतंकवाद से भी खतरनाक जातिवाद-18"

**ए सरजी, आजादी के बाद हमारे देश के विकास को वो गति नहीं मिली जो हमें मिलना चाहिए था दुसरे शब्दों में विकास के उन सोपानों को हम नहीं प्राप्त कर पाये जिसे कब का हासिल हो जाना चाहिए था! तो इसके पिछे कौन से कारण रहे जिसमें सुधार की अपेक्षा करनी चाहिए! --- मास्टर साहब ने बैठते हीं मंशा प्रगट कर दी! अर्थात सार्थक बहस की अपेक्षा रखते हैं!**

पढिये पेज नं-2 पर

# सुरहा ताल पक्षी महोत्सव का हुआ शुभारंभ:

## परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सफेद कबूतर और गुब्बारा छोड़कर किया शुभारंभ

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : सुरहाताल की जो रंगत आज से दो दशक पहले थी, शनिवार को ऐसा लगा कि वही रंगत एक बार फिर लौट आयी है। तीन दिवसीय सुरहा ताल पक्षी महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सफेद कबूतर व तिरंगा गुब्बारा उड़ाकर इस महोत्सव का शुभारंभ किया। पहले दिन स्थानीय ही सही, पर पर्यटकों की भीड़ इस तरफ इशारा कर रही थी कि सुरहा ताल अपनी ख्याति के मुताबिक एक बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सुरहा ताल के विकास के लिए पक्षी महोत्सव का आयोजन एक अच्छी शुरूआत है। इस आयोजन के रूप में आज नींव पड़ी है, अब इस पर बड़ी इमारत बनानी है। जिलाधिकारी की विशेष सराहना करते हुए कहा कि आपने जो पहल शुरू की है, इसको आगे बढ़ाइए। मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कहीं भी किसी परियोजना की स्वीकृति के लिए के लिए मैं स्वयं ततपर रहूंगा। मुझे भरोसा है कि प्रदेश की नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से भी लोग आएंगे।

### मछुवारा समाज का विशेष आभार

परिवहन मंत्री ने मछुवारा समाज का विशेष आभार जताते हुआ कहा, जिला प्रशासन के एक निवेदन पर नाव की पेंटिंग करके उसे बेहतर बनाकर लोगों के मनोरंजन लायक बनाया। मंत्री ने मछुवारों को भरोसा दिलाया कि रोजगार का सृजन करेंगे और आपकी आय को कई गुना बढ़ाने के लिए हरसम्भव पहल करेंगे।

### चंद्रशेखर जी की आत्मा भी दे रही होगी बधाई

परिवहन मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष की फोटोग्राफी में भी बलिया



में सबसे प्रमुख रूप से सुरहा ताल का आता है। निश्चित रूप से यह बड़ा पर्यटक स्थल के रूप में होना चाहिए। इस दिशा में यह आयोजन हुआ, जिसके लिए चंद्रशेखर जी की आत्मा भी बधाई दे रही होगी। जिले में जल परिवहन शुरू होने जा रहा है, इसका सबसे अधिक लाभ बलिया को होगा। सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है।

### सुरहा ताल में बीच इसके विकास पर हुई चर्चा

सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के पहले दिन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, डीएम सौम्या अग्रवाल और एसपी राजकरण नैय्यर समेत अन्य किसी ने नौकायन का आनंद लिया। सुरहा ताल झील में जैसे-जैसे अंदर नाव गयी, ताल की वनस्पतियों और इसके प्र-ाकृतिक महत्व पर चर्चा बढ़ती चली गई। पर्यटन के क्षेत्र में इसको कैसे विकसित किया जाए, इस पर भी मंत्री-डीएम की चर्चा हुई।

### स्कूली छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सबने सराहा

सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के पहले दिन विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गुलाब देवी इंटर कॉलेज, रामरती बालिका विद्यालय, रामपुर उदयभान, उच्च प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती, प्राथमिक विद्यालय सागरपाली की बालिकाओं ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मंत्री और अधिकारियों के अलावा वहां जुटे पर्यटकों ने भी स्कूली छात्राओं के इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। कला शिक्षक मो. इफ्तेखार की देखरेख में जय विविधता और जीव-जंतुओं पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी की भी सराहना सभी ने की।

### नए साल का जश्न बनाने वालों के लिए सुखद पहल

नए वर्ष का जश्न बनाने के लिए यह स्थल मशहूर है। यहां काफी मात्रा में लोग आते थे। लेकिन, सुरहा ताल की स्थिति खाफी खराब होने से पर्यटकों का यहां आना बंद हो गया था। सुरहा ताल पक्षी महोत्सव कार्यक्रम के बहाने इस स्थल की साफ-सफाई होना निश्चित रूप से नए साल का जश्न मनाने वालों के लिए सुखद पहल है। उधर, जिला प्रशासन का भी यही प्रयास है कि इस स्थल की सुंदरता बढाकर बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जाए।

# विदेशों में भी टीम योगी का जलवा, ऑन स्पॉट हुए 3 हजार करोड़ रुपये के MOU पर हस्ताक्षर

लखनऊ. अगले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के जरिए 10 लाख करोड़ से अधिक निवेश का लक्ष्य तय कर चुकी योगी सरकार की इस मुहिम को विदेशों में भी भरपूर समर्थन मिल रहा है. यूपीजीआईएस 2023 के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी कई टीमों को दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजा है. इन टीमों ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट, यूके के लंदन, मेक्सको और कनाडा के टोरंटो में रोड शो का आयोजन किया यहां विदेशी निवेशकों से उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की गई और उन्हें यहां व्यापार के अनुकूल माहौल, स-ुरक्षित निवेश और इंसेटिव्स को लेकर सरकार की




# चाहे फिर प्राण गंवाने हो पहले मुक्ति कान्हा की होगी फिर काशी जाना होगा : छाया गौतम

मथुरा। 6 दिसंबर 2022 दिन मंगलवार को शौर्य दिवस के दिन अखिल भारत हिंदू महासभा ने आह्वान किया था कि शाही ईदगाह पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा 3 दिसंबर के बाद अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों के ऊपर प्रशासन द्वारा कई तरीकों से दबाव बनाया गया तथा अलग-अलग थानों में उनको गिरफ्तार किया गया और घरों पर नजरबंद किया गया हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष छाया गौतम को 5 तारीख रात 9:00 बजे कानून का उल्लंघन करके कानून ने उनको अपने गिरफ्त में ले लिया। दो थाने की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार लेने के बाद एक ऑफिस में एक कुर्सी पर बिना कुछ खाए पिए बिठाए रखा 6 उसके बाद दिसंबर रात 8:00 बजे के बाद अचानक से तबीयत खराब होने पर प्रश-ासन ने बिना मुचलके के छोड़ दिया गया । अखिल भारत हिन्दू महासभा के समर्थकों ने छाया गौतम को स्वर्ण जयंती हॉस्पिटल में भर्ती कराया करीब 4 घंटे भर्ती रहने के बाद उनको उनके आवास पर छोड़ा गया छाया गौतम का कहना है कि हिंदूवादी सरकार में यदि हिंदूवादी नेताओं के ऊपर इतने अत्याचार होंगे तो के सरकार में यह उम्मीद करेंगे कि हिंदूवादी नेता सुरक्षित रहेंगे हिंदूवादी सरकार के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन कर रहा है कानून।




# श्रीमद्भगवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों का किया वर्णन

सेक्टर 93 श्रमिक कुंज प्रथम के शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण जी ने कपिलोपाख्यान के उपरांत ध्रुव चरित्र का रोचक वर्णन किया। मनु और शतरूपा के दो पुत्र हुए और तीन पुत्रियां। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां हैं एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति है। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते हैं जिनके पुत्र का नाम उत्तम है और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव है। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है। ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है , मां की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है। नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाउँगा लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं अब परम पिता की गोद में बैठना है। कठिन तपस्या से भगवान प्रसन्न हो वरदान देते हैं । इसके अलावा जड़ भारत, वामन अवतार आदि प्रसंगों का भी वर्णन किया गया।आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 11 दिसंबर को कथा के चौथे दिन राम कथा, कृष्ण जन्मआदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा।

इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, मुख्य यजमान श्यामानंद मिश्रा,पंडित महेश पाठक शास्त्री,पंडित महादेव शर्मा, रवि राघव, जितेंद्र ठ-ाकुर, सुशील पाल,गोरेलाल, प्रमोद यादव,संटू मिश्रा,राजेश ध्यानी सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।



# दूल्हे का रंग देख ऐसी भड़की दुल्हन कि बैरंग लौटी बारात, मान-मनौव्वल भी नहीं आया काम

महाराजगंज. पूरे देश में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है. रोजाना कई जोड़े शादी के बंधन में बंध कर नई पारी की शुरूआत कर रहे हैं तो वहीं कई शादियां किसी न किसी वजह से सुर्खियां भी बन रही है. यूपी से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां दूल्हा का रंग मात्र देखकर शादी टल गई और बारात को बैरंग वापस लौटना पड़ा.

मामला यूपी के महाराजगंज जिला से जुड़ा है जहां काला दूल्हा देखकर दुल्हन शादी से पहले ही भड़क गई और ऐसी भड़की कि बैरंग बारात को लौटना पड़ा. इस दौरान दुल्हन का मान-मनौवल भी काम नहीं आया. दुल्हन को ऐसी चीढ़ हुई कि दूल्हे को देखते ही वो स्टेज से उतरकर अपने घर में चली गई और वापस नहीं लौटी. आखिरकरा बारा लौटी जबकि दूल्हा व अगुआ को पुलिस चौकी ले गई. महराजगंज जनपद के पनियरा थाना इलाके के एक गांव की ये घटना है.

द्वारपूजा तक सारी स्थिति सामान्य थी और विधि-विधान कराये जा रहे थे लेकिन इसके बाद स्टेज पर जयमाला के वक्त दूल्हे का रंग देख दुल्हन भड़क गई और शादी से इंकार कर दिया. दुल्हन के कड़े रुख के बाद खलबली मच गई. घरवाले व रिश्तेदारों ने दुल्हन को समझाने की हर संभव कोशिश की लेकिन वह तैयार नहीं हुई. शादी न होने से खुशियां सन्नाटे और चर्चा में बदल गयी.

घटना गुरुवार की है. रात में धूमधाम से बारात गांव में पहुंची. बारातियों का स्वागत-सत्कार करने के बाद नाश्ता-भोजन कराने का दौर शुरू


मन की बात समाज जागरण के साथ

समाज जागरण NEWS

आप अपने मन की बात एक फोटो के साथ दें

हम उसे प्रमुखता से समाज जागरण में प्रकाशित करेंगे

7489697916

vatankiawaz@gmail.com

ojha.jagran@gmail.com

रमन कुमार झा

संपादक

बैठकी

# "आतंकवाद से भी खतरनाक जातिवाद-18"

ए सरजी, आजादी के बाद हमारे देश के विकास को वो गति नहीं मिली जो हमें मिलना चाहिए था दुसरे शब्दों में विकास के उन सोपानों को हम नहीं प्राप्त कर पाये जिसे कब का हासिल हो जाना चाहिए था! तो इसके पिछे कौन से कारण रहे जिसमें सुधार की अपेक्षा करनी चाहिए! --- मास्टर साहब ने बैठते हीं मंशा प्रगट कर दी! अर्थात सार्थक बहस की अपेक्षा रखते हैं!

मास्टर साहब, हमसे सुनिये! आजादी के बाद हमारे राष्ट्रीय अगुआवों ने अगर निष्पक्ष और निजी हितों का ख्याल नहीं रखा होता तो निश्चय हीं वर्तमान परिस्थितियां आज से अधिक वेहतर और सुरक्षित होतीं लेकिन जब नेतृत्व हीं राष्ट्रीय हित को छोड़ निजी हितों का संरक्षक बना तो उम्मीद हीं क्या रह जाती है!! --- कुंवरजी अखबार उठाते हुए!

कुंवरजी, अखबार रखीं, आ पहिले आपन बतवा के खोलीके समझायीं कि का कहल चाहतानीं! हमरा बुझाईल ना! ---- मुखियाजी कुंवरजी की ओर!

बात साफ है मुखियाजी, कि गांधीजी ने अलोकतांत्रिक तरिके से और अयोग्य हाथों में भारत के भविष्य की डोर पकड़ा दी जिसका लक्ष्य राष्ट्रहित से अधिक स्वहित था! वो तो सरदार पटेल, कृपलानी, राजेन्द्र बाबू जैसे लोग थे कि थोड़ा सम्भला भी नहीं तो भारत का जैसा भी रुप और रंग आज दिखाई दे रहा है वो मुमकिन हीं नहीं था! -- कुंवरजी थोड़ा खुले!

समझ नहीं रहे मुखियाजी! कुंवरजी, जवाहर लाल नेहरू की ओर संकेत कर रहे हैं! -- पारस नेता कहकर मुस्कुराये!

आपलोग, भटकिये मत! मैं उन कमजोरियों पर चर्चा करना चाहता हूँ जो हमारे विकास में अवरोध पैदा करता है! -- मास्टर साहब पुनः मुद्दे की ओर इशारा किये!

आपका जबाब है आजादी के साथ हीं भारतीय राजनीति का धर्म और जाति पर आधारित हो जाना! यही दो जबरदस्त खामियां न जाने कबतक प्रताड़ित करता रहेगा! --- उमा काका मुंह खोले!

देखिये, अबतक की बैठकी के दौरान, ये तो बिलकुल स्पष्ट हो चूका है कि धार्मिक आधार पर विभाजन के उपरांत हिन्दू के हिस्से के हिंदूस्तान में तुष्टीकरण की राजनीति के चलते हमें बहुत कुछ झेलना पड़ा है और अभी भी झेल रहे हैं! यदि ऐसा नहीं होता और देश के हर नागरिक के लिये--- समान शिक्षा संहिता, समान नागरिक संहिता, समान न्यायिक संहिता, समान धर्म स्थल संहिता, समान दण्ड संहिता, समान जनसंख्या संहिता, समान प्रशासनिक संहिता आदि लागू कर दिया गया होता तो आज विश्व की महाशक्तियां हमारे पिछे होतीं और देश में गरीबी नाम की कोई चिड़िया होती हीं नहीं! न आतंकवाद होता और न संप्रदायिक दंगे होते! असामान्य जनसांख्यिकीक बढ़ौतरी भारत में वंचितों, शोषितों, पिछड़ों को उपर लाने की गर्ज से संविधान में जाति आधारित आरक्षण




से उत्पन्न मुद्दा-"गजब ए हिंद " का तो प्रश्न हीं नहीं था! मोटे तौर पर कहा जाये तो देश के समक्ष धर्म से जुड़ा या धार्मिक आधार पर, कोई समस्या हीं जन्म नहीं ली होती! -- डा.पिंटूजी भी बहस में शामिल हुए !

उतना हीं नहीं जनाब, सत्ता में बने रहने और हिंदुओं के देश में हीं हिंदुओं को मूर्ख बनाकर, उनके सर्वांगीण विकास को अवरुद्ध करने हेतु तथा उनमें वैमनष्यता की कील ठोकने का भी इंतजाम, साथ हीं साथ कर दिया गया ताकि वो उसी में उलझा रहे ! -- पारस नेता रहस्यमय वाणी में!

उ का नेताजी! -- मुखियाजी साफ- साफ सुनना चाहते थे!

मुखियाजी, संविधान में आरक्षण का कील!! आज 75 साल आरक्षण लागू हुए हो गये! हमें क्या मिला!! क्या आरक्षण से लाभांवित जातियों का आर्थिक या सामाजिक उद्धार हो गया!! बिलकुल नहीं, बल्कि इसका हमारे राष्ट्र पर बड़ा हीं घातक परिणाम सामने आया है!! जबकि हम सभी चाहते हैं कि हमारे समाज में किसी भी जाति का क्यों न हो, अभावग्रस्त न रहे!-- पारस नेता मायुस लगे!

ए सरजी,का घातक रिजल्ट आईल! ए प रऊआ प्रकाश डालीं त!! --- मुखियाजी मेरी ओर मुखातिब हुए!

जैसा कि पहले भी उल्लेख किया हूँ! स्वतंत्र भारत में वंचितों, शोषितों, पिछड़ों को उपर लाने की गर्ज से संविधान में जाति आधारित आरक्षण की व्यवस्था दी जाने लगी तो इस मुद्दे पर चचार्यें हुई थीं! अधिकांश विद्वानों कामत था कि आरक्षण का आधार आर्थिक रखा जाये! और आर्थिक आधार पर पिछड़े वर्ग के बच्चों को सरकार शिक्षा, भोजन, वस्त्र आदि की सुविधा उपलब्ध करावे अर्थात योग्य बनावे! पुनः इन्हें मैदान में संघर्ष हेतु छोड़ा जाय! इससे सही मायने में नीचले पायदान वालों को उपर उठने में मदद भी होगी और देश को भी योग्य नागरिक प्राप्त होंगे लेकिन इसे नहीं माना गया और 10 बर्षों की अवधि निर्धारित कर दिया गया! असल में जातिगत आरक्षण के पिछे छूपे जो लक्ष्य थे वे आज फलीभूत हो रहे हैं! -- मै ठहरा!

तनी अउरी साफ-साफ बुझवायीं! --- मुखियाजी मग्न थे!

अजी लक्ष्य तो यही न रखा गया होगा कि पिछड़े, राष्ट्र की मूख्य धारा में आ मिलेंगे! -- सुरेन्द्र भाई सोफे के हत्थे पर हाथ मारते हुए!

बाकि दस बरिस खातिर आरक्षण त चिरंजीवी हो गईल नु! ......अच्छा छोड़ीं इ बतावल जाव कि आरक्षण से घाटा का भईल!!!--- मुखियाजी अपनी कहे!

मुखियाजी, पहला तो ये कि ये नीति हीं गलत थी तभी तो 10 साल के लिए आरोपित आरक्षण, आज 75 साल बाद और भी मोटा हो गया है! दुसरा- इससे जातिगत खाई और गहरी हुई है! तीसरा- योग्यता सड़क पर और अयोग्य कुर्सी पर दिख रहा है! चौथा- योग्यता के अभाव में राष्ट्रीय क्षति, पांचवा- जातिगत गंदी राजनीति जो पुरे देश में जड़ जमा चूकी है परिणामस्वरूप स्वार्थी और निकम्में सत्तासीन हो रहे, छठा- हिंदूओं में फूट डालने का कार्य कर रहा जिससे विधर्मियों को हिंदू धर्म और संस्कृति पर चोट करने में सहजता हो रही, सातवां- एक बार जो लाभांवित होकर आर्थिक सबलता प्राप्त कर लेता है उसका खानदान बार बार लाभ लेता रहता है अर्थात क्रिमीलेयर लगातार लाभ उठाते हैं और नीचलों का हक मारा जाता है! --- में चुप हुआ हीं था कि कुंवरजी बोल पड़े---

"बिलकुल सही कहा आपने सर! एक बार आरक्षण का लाभ लेकर आईएएस, आईपीएस, एमएलए, एमपी बन जाने के बाद भी उसका बेटा फिर उसका बेटा, ये कड़ी टुटती हीं नहीं, और वो आरक्षण की आपरचुनिटी, एक परिवार में हीं सिमट कर रह जाती है! ---डा.पिंटूजी दबाव से बात रखे!

असल में जातिवादी राजनीति ने हमारे देश को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है और ये आरक्षण, भारतीय राजनीति का आधार स्तम्भ बन चूका है! देखा नहीं था आपलोगों ने विगत के बिहार के चुनाव के दौरान जब, आरएसएस प्रमुख भागवतजी ने आरक्षण नीति में संसोधन की बात चलाई थी तो आरजेडी सुप्रिमों- लालूजी ने इसे मुद्दा बना लिया था और पिछड़ी जातियों को अपने पक्ष में करने हेतु इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया और प्रचारित किये कि भाजपा आरक्षण विरोधी है, ये सत्ता में आयी तो आपलोगों की आरक्षण सुविधा, समाप्त कर देगी! नतीजा ये हुआ कि लाख भाजपा नेतागण, चिल्लाते रहे कि नहीं ऐसा नहीं है लेकिन भाजपा को आरक्षण के मुद्दे पर जातीय गोलबंदी ने चुनाव में हरा दिया! ये है आज का, आरक्षण प्रभाव!!! -- पारस नेता हाथ चमकाये!

ए भाई लोग, संविधान में जातिगत आरक्षण त बड़ा खतरनाक बा! इ त देश आ हिन्दू समाज, दुनों के लुटिया डुबा दिही! एकरा प देश के बुद्धिजीवी काहे नईखे विचार करत!! जरूर करे के चाहीं! खैर, आज अतने रहे दिहल जाव, फेरु कल!-- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# भारतीय राजनीति में बहती उलटी गंगा

भारत में जबसे गंगा मैया ने अपने बेटे को गुजरात से काशी बुलाया है,पूरे देश में राजनीति की गंगा उलटी बहने लगी है।उलटा बहना गंगा की मजबूरी है या नीयत ये जानना हो तो देश के मुस्लिम मतदाताओं के स्वभाव में आ रही तब्दीलियों पर गौर करना पड़ेगा।



एक नागरिक के नाते मैं हिन्दू -मुसलमान के फेर में नहीं पड़ता, किंतु जब मेरी भूमिका एक पत्रकार की होती है तो मुझे भी सियासत को हर कोण से देखना पड़ता है।इस लिहाज से मै देख रहा हूं कि देश में जो मुस्लिम वोट बैंक माने जाते थे, वे आज की सियासत में यतीम हैं।

देश की बागडोर आठ साल से सम्हाले भाजपा ने डंके (डंडे)की चोट पर मुस्लिम समाज के हाथों से ग्राम पंचायत स्तर से लेकर संसद तक प्रतिनिधित्व विहीन कर दिया है। मुस्लिमो का अब भाजपा के टिकट पर न पार्षद है और न सांसद।संसद के दोनों सदनों में भाजपा की ओर से बात करने वाला कोई नहीं है। भाजपा को अपने किए पर कोई मलाल भी नहीं है।मलाल हो भी क्यों ? भाजपा तो भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की सुपारी लेकर ही राजनीति में बीते 42 साल से काम कर रही है।

मजे की बात ये है कि भाजपा एक तरफ मुस्लिम समाज को प्रतिनिधित्व विहीन करने में लगी है वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम इलाकों में भाजपा आसानी से जीतने लगी है। फिर चाहे मामला उत्तर प्रदेश का हो या गुजरात का। बिहार का हो या किसी दूसरे सूबे का।सब जगह या तो मुस्लिम समाज भाजपा का मुरीद हो गया है या फिर मुसलमानों के वोट हिकमत अमली से झटके जा रहे हैं। हाल के विधानसभा चुनाव में जो गुजरात भाजपा के हाथों से निकलता दिखाई दे रहा था,उसी गुजरात में भाजपा की जीत का नया कीर्तिमान कैसे बना,इस बारे में किसी ने सोचा ही नहीं। लोगों को इस बारे में सोचने का वक्त ही नहीं दिया गया।सब मोदी, मोदी के हंगामे में इस तरफ देखना ही भूल गए।

आपको शायद पता हो या न हो लेकिन हकीकत ये है कि भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया था।और ये आज की बात नहीं है, पिछले चार चुनावों से भाजपा ऐसा कर रही है। खड़ा किया था। इसके बावजूद भाजपा राज्य के मुस्लिम बहुल इलाकों में जीत दर्ज कराती आ रही है।जो गुजरात विधानसभा चुनाव में हुआ वो ही चमत्कार दिल्ली महापालिका के चुनावों में भी हुआ। कई मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी विजई हुए। रामपुर चुनाव में तो इतिहास ही बन गया। पहली बार यहां कोई गैर-मुस्लिम विधायक बना।

दुनिया जानती है कि पारंपरिक तौर पर मुसलमानों को भाजपा का समर्थक नहीं माना जाता है। ऐसे में भाजपा का मुस्लिम बहुल इलाकों में भी जीतना चौंकाता है। अब भगवान राम ही जानते होंगे कि भाजपा ने चुनावी जीत का कौन सा फॉमूर्ला खोज निकाला है । कभी - कभी लगता है कि कहीं मुस्लिम भ्रमित तो नहीं हो गए ? कभी कभी लगता है कि इस घालमेल में कहीं केंचुआ भी तो भाजपा का राजदार नहीं है ! केंचुए की रजामंदी के बिना कुछ भी नहीं हो सकता।

एक जमाने में मुस्लिम समाज कांग्रेस का पारंपरिक वोट बैंक माना जाता था । आपातकाल के पहले और बाद में भी मुस्लिम कांग्रेस के साथ रहे, लेकिन अब ये या तो बंट गया है या फिर मुसलमानों के वोट बैंक को हड़प लिया है।अब

गुजरात के दरियापुर की मुस्लिम बहुल सीट को ही लें। इस सीट पर कांग्रेस 10 साल से जीतती आ रही थी। इस सीट से कांग्रेस ने गियासुद्दीन शेख को उतारा था। हालांकि, वह बीजेपी के कौशिक जैन से हार गए। गुजरात के कम से कम 16 मुस्लिम बहुल इलाकों में आम आदमी पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी उतारे थे। लेकिन, कोई भी जीत दर्ज कर पाने में सफल नहीं हुआ। आप के साथ एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम वोटों को तोड़ा।दिल्ली, गुजरात के मुस्लिम बहुल इलाकों के साथ रामपुर में अगर भाजपा जीती तो यह तथ्य बेहद अहम है।

देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में से करोड़ों की एक बिरादरी को अलग कर लोकतंत्र को मजबूत कैसे किया जा रहा है ? 'सबका साथ,सबका विकास ' इस लिहाज से एक धोखा है,और धोखाधड़ी के अपराध के लिए भादंसं में पहले से प्रावधान है।

आज हकीकत है कि मुस्लिम वोट की हैसियत कुछ है ही नहीं। मुसलमान अब न हरा सकते हैं और न जिता सकते हैं।वे अब कहीं के नहीं रहे । भाजपा ने जो विभाजन रेखा हिन्दुस्तान के घर -घर में खींची है उससे मुस्लिम समाज भी नहीं बच सका।तीन तलाक पर रोक इसका एक औजार बनाया गया।आने वाले दो साल में इस देश में और क्या -क्या होगा, देखते जाइए।

**@ राकेश अचल**

# सुब्रह्मण्य भारती

**सुब्रह्मण्य भारती** (जन्मः 11 दिसम्बर, 1882 - मृत्युः 11 सितम्बर, 1921) भारत के महान्‌ कवियों में से एक थे, जिन्होंने तमिल भाषा में काव्य रचनाएँ कीं। इन्हें महाकवि भरतियार के नाम से भी जाना जाता है। भारती एक जुझारू शिक्षक, देशप्रेमी और महान्‌ कवि थे। आपकी देश प्रेम की कविताएँ इतनी श्रेष्ठ हैं कि आपको भारती उपनाम से ही पुकारा जाने लगा। तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्यम भारती ऐसे साहित्यकार थे, जो सक्रिय रूप से 'स्वतंत्रता आंदोलन' में शामिल रहे, जबकि उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में आम लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। ये ऐसे महान्‌ कवियों में से एक थे, जिनकी पकड़ हिंदी, बंगाली, संस्कृत, अंग्रेजी आदि कई भाषाओं पर थी, पर तमिल उनके लिए सबसे प्रिय और मीठी भाषा थी। उनका 'गद्य' और 'पद्य' दोनों विधाओं पर समान अधिकार था।

### परिचय

सुब्रह्मण्य भारती का जन्म 11 दिसंबर, 1882 को एक तमिल गाँव एट्टियपुरम, तमिलनाडु में हुआ था। शुरू से ही वह विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और कम समय में ही उन्होंने संगीत का भी अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। 11 वर्ष की आयु में उन्हें कवियों के एक सम्मेलन में आमंत्रित किया गया, जहाँ उनकी प्रतिभा को देखते हुए भारती को ज्ञान की देवी सरस्वती का खिताब दिया गया था। भारती जब पाँच वर्ष के ही थे, तभी उनकी माता का निधन हो गया। बाद में पिता का निधन भी जल्दी हो गया। 11 वर्ष की ही अल्प अवस्था में उनका विवाह कर दिया गया। वह कम उम्र में ही वाराणसी अपनी बुआ के पास आ गए थे, जहाँ उनका परिचय अध्यात्म और राष्ट्रवाद से हुआ। इसका उनके जीवन पर काफी प्रभाव पड़ा और उनकी सोच में काफी बदलाव आ गया।

### काशी प्रवास

चार साल के काशीवास में भारती ने संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का अध्ययन किया। अंग्रेजी भाषा के कवि 'शेली' से वे विशेष प्रभावित थे। उन्होंने एट्टयपुरम्‌ में ह्यषेलियन गिल्डह्न नामक संस्था भी बनाई तथा ह्यषेली-दासन्ह्न उपनाम से अनेक रचनाएँ लिखीं। काशी में ही उन्हें राष्ट्रीय चेतना की शिक्षा मिली, जो आगे चलकर उनके काव्य का मुख्य स्वर बन गयी। काशी में उनका सम्पर्क भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा निर्मित ह्यहरिश्चन्द्र मण्डलह्न से रहा। काशी में उन्होंने कुछ समय एक विद्यालय में अध्यापन किया। वहाँ उनका सम्पर्क श्रीमती डॉ. एनी बेसेंट से हुआ, पर वे उनके विचारों से पूर्णतः सहमत नहीं थे। एक बार उन्होंने अपने आवास 'शैव मठ' में महापण्डित सीताराम शास्त्री की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा का आयोजन किया। भारती ने अपने भाषण में नारी शिक्षा, समाज सुधार, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार और स्वभाषा की उन्नति पर जोर दिया। अध्यक्ष महोदय ने इसका प्रतिवाद किया। फलतः बहस होने लगी और अन्ततः सभा विसर्जित करनी पड़ी।

### पत्रकारिता

बाद में भारती ने ज्ञान के महत्व को समझा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उअनकी अत्यधिक रुचि रही। इस समय वह कई समाचार पत्रों के प्रकाशन और संपादन से जुड़ गये। इन समाचार पत्रों में तमिल दैनिक 'स्वदेश मित्रम', तमिल साप्ताहिक 'इंडिया' और अंगेजी साप्ताहिक 'बाला भारतम' शामिल है। उन्होंने अपने समाचार पत्रों में व्यंग्यात्मक राजनीतिक कार्टून का प्रकाशन शुरू किया था।

### रचना संसार

इन पत्रों से न सिर्फ वह लोगों को अपेक्षित ज्ञान दिलाने में सफल रहे बल्कि उनकी रचनाओं का भी प्रकाशन हुआ। उसी समय उनकी रचनाधर्मिता चरम पर थी। उनकी रचनाओं में एक ओर जहाँ गूढ़ धार्मिक बातें होती थी वहीं रूस और फ्रांस की क्रांति तक की जानकारी होती थी। वह समाज के वंचित वर्ग और निर्धन लोगों की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहते थे।

### राजनीति और संगीत

भारती 1907 की ऐतिहासिक सूरत कांग्रेस में शामिल हुए थे जिसने नरम दल और गरम दल के बीच की तस्वीर स्पष्ट कर दी थी। भारती ने तिलक अरविन्द तथा अन्य नेताओं के गरम दल का समर्थन किया था। इसके बाद वह पूरी तरह से लेखन और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल हो गए। वर्ष 1908 में इंडिया के मालिक को मद्रास में गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी गिरफ़्तारी भी की जानी थी। गिरफ़्तारी से बचने के लिए वह पांडिचेरी चले गए जो उन दिनों फ्रांसीसी शासन में था। भारती पांडिचेरी में भी कई समाचार पत्रों के प्रकाशन संपादन से जुड़े रहे और अंग्रेजों के खिलाफ लोगों में देशभक्ति की अलख जगाते रहे। पांडिचेरी में प्रवास के दिनों में वह गरम दल के कई प्रमुख नेताओं के संपर्क में रहे। वहाँ उन्होंने कर्मयोगी तथा आर्या के संपादन में अरविन्द की सहायता भी की थी। उन्होंने संगीत के क्षेत्र में भी काफी काम किया। उनके कुछ गीत अभी भी कर्नाटकी संगीत कन्सर्ट में बेहद लोकप्रिय हैं। अंग्रेज शासन के विरुद्ध स्वराज्य सभा के आयोजन के लिए भारती को जेल जाना पड़ा। कोलकाता जाकर उन्होंने बम बनाना, पिस्तौल चलाना और गुरिल्ला युद्ध का भी प्रषिक्षण लिया। वे गरम दल के नेता लोकमान्य तिलक के सम्पर्क में भी रहे। भारती ने नानासाहब पेषवा को मद्रास में छिपाकर रखा। शासन की नजर से बचने के लिए वे पाण्डिचेरी आ गये और वहाँ से स्वराज्य साधना करते रहे। निर्धन छात्रों को वे अपनी आय से सहयोग करते थे। 1917 में वे गान्धी जी के सम्पर्क में आये और 1920 के असहयोग आन्दोलन में भी सहभागी हुए।

### स्वामी विवेकानंद का प्रभाव

दक्षिण के सुप्रसिद्ध कवि श्री सुब्रह्मण्य भारती जी की प्रारंभिक कविताओं में तमिल राष्ट्रवाद का उल्लेख मिलता है, किन्तु स्वामी विवेकानंद के प्रभाव में आने के बाद उनकी जीवन के उत्तरार्ध में लिखी कवितायें भारतीय हिन्दू राष्ट्रवाद का गुणगान करती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में स्वीकार किया कि यह परिवर्तन उनकी गुरु भगिनी निवेदिता और स्वामीजी के कारण उत्पन्न हुआ। देशभक्ति से ओतप्रोत स्वामीजी के भाषणों द्वारा पैदा की गई विचारों की चिंगारी का असर वीर सावरकर तथा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जैसे राष्ट्रभक्तों पर भी दिखाई देता है।

# मोब लिंचिंग सामाजिक शांति को खतरा

## मॉब लिंचिंग, भीड तंत्र द्वारा लिया गया अविवेकी निर्णय।

भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र

द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# प्रणब मुखर्जी

**प्रणब मुखर्जी** (जन्मः 11 दिसम्बर, 1935, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 31 अगस्त, 2020, दिल्ली) भारत के 13वें राष्ट्रपति थे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने उन्हें जुलाई, 2012 में भारत के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नियुक्त किया था और राष्ट्रपति चुनाव में प्रणब मुखर्जी ने विरोधी उम्मीदवार पी.ए. संगमा को हराकर जीत हासिल की थी। 25 जुलाई, 2012 को प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर भारत के 13वें राष्ट्रपति बने थे। भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में रामनाथ कोविंद ने प्रणव मुखर्जी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद 25 जुलाई, 2017 को राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।

### जीवन परिचय

प्रणब मुखर्जी का जन्म, पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले के किरनाहर शहर के एक छोटे से गांव मिराटी (मिराती) में एक ब्राह्मण परिवार में 11 दिसंबर, 1935 में हुआ था। प्रणब मुखर्जी के पिता श्री कामदा किंकर मुखर्जी और माता श्रीमती राजलक्ष्मी मुखर्जी हैं। ग्रामीण बंगाल के बीरभूम में पले-बढ़े प्रणब मुखर्जी अपने उपनाम 'पोल्टू' के नाम से जाने जाते थे। प्रणब मुखर्जी की पत्नी का नाम शुभ्रा मुखर्जी है। उनके दो पुत्र- अभिजीत व इंद्रजीत और एक पुत्री शर्मिष्ठा है। प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायक हैं। उनकी बेटी शर्मिष्ठा एक नृत्यांगना हैं। उनके भाई शांति निकेतन विश्व भारती यूनिवर्सिटी के इंदिरा गांधी सेंटर फॉर नेशनल इंटीग्रशन के डायरेक्टर पद से रिटायर हुए है। प्रणब मुखर्जी के पिताजी, कामदा किंकर मुखर्जी क्षेत्र के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे और आजादी की लड़ाई में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के चलते वह 10 वर्षों से ज्यादा समय तक ब्रिटिश जेलों में कैद रहे। उनके पिताजी 1920 से इंडियन नेशनल कांग्रेस (अखिल भारतीय कांग्रेस) के एक सक्रिय कार्यकर्ता थे और सभी कांग्रेसी आंदोलनों में हिस्सा लिया। देश की आजादी के बाद 1952 से लेकर 1964 तक पश्चिम बंगाल विधान परिषद के सदस्य रहे थे और वीरभूम पश्चिम बंगाल ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। पिता का हाथ पकड़ कर ही प्रणब ने राजनीति में प्रवेश किया।

### शिक्षा

परिवार के माहौल को देखते हुए यह प्राकृतिक तौर पर स्वाभाविक था कि वे अपने पिताजी के. के. मुखर्जी के पदचिन्हों पर चलते। तत्कालीन कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबंधित सूरी विद्यासागर कॉलेज से स्नातक की परीक्षा पास करने के बाद प्रणब मुखर्जी ने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से ही इतिहास और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.ए.) की पढ़ाई संपन्न की। कोलकाता विश्वविद्यालय से कानून की उपाधि (लॉ) की शिक्षा के बाद पश्चिम बंगाल के

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# पोस्टर प्रदर्शित कर किया गया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**

दैनिक समाज जागरण गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को प्रज्ञा रेंजर टीम द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए रेंजर प्रभारी डॉ शिवकुमार ने कहा कि प्रत्येक मानव को मानव होने के कारण कुछ विशेष मौलिक अधिकार प्राप्त है जिसे मानवाधिकारों के रूप में जाना जाता है। इन अधिकारों का संरक्षण एवं क्रियान्वयन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डॉ सारिका सिंह ने बालिकाओं एवं महिलाओं के मानवाधिकारों को आधी आबादी के संरक्षण एवं शोषण से मुक्ति के कानून के रूप में उद्धृत किया। प्राचीन इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ विकास सिंह ने मानवाधिकारों को उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझाते हुए बताया कि यूरोप में पुनर्जागरण काल के पूर्व ईश्वर एवं धर्म की सत्ता प्रबल थी तथा राजतंत्र में मानवाधिकारों पर बात करना बेमानी था। लेकिन पुनर्जागरण एवं उसके पश्चात अमेरिका एवं फ्रांस की क्रांति के पश्चात मानव अधिकारों के संरक्षण एवं क्रियान्वयन को प्राथमिकता के रूप में लिया जाने लगा। युद्ध एवं अन्य परिस्थितियों में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन ने वैश्विक संस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रयास करने के तहत 1950 में 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस घोषित किया गया। प्रत्येक समय एवं क्षेत्र में विशिष्ट पीड़ित लोगों के मानवाधिकारों के संरक्षण की वकालत की जाती रही। आतंकवाद की घटना में रंगे हाथ पकड़े गए अजमल कसाब पर मुकदमा चलाकर सजा देना भारत में मानव अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज ने रेंजर बच्चों से मानव अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा मानव अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने ज्ञानपुर, भदोही कारागार के




क्रियाकलापों को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार पढ़े लिखे एवं जागरूक व्यक्ति दूसरों के मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य कर सकते हैं। इस दिवस की प्रासंगिकता इसी में है कि हम धरती पर कहीं भी शोषण एवं अत्याचार के विरुद्ध आवाज को अपना समर्थन दें। यही दिवस की सच्ची सार्थकता होगी।

इस अवसर पर डॉ अकबर आजम ने सड़क सुरक्षा की बात करते हुए कहा कि जब हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा तभी हम अपने अधिकारों की बात कर पाएंगे। इस दौरान उपस्थित सभी प्राध्यापकों और प्रज्ञा रेंजर छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज का प्रज्ञा रेंजर कलर पार्टी द्वारा स्वागत किया गया। टीम लीडर सविता रावत ने प्राचार्य एवं उपस्थित अध्यापकों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया। रेंजर खुशी मौर्य, समीना एवं जोया ने मानवाधिकार पर अपने विचार व्यक्त किए। दीक्षा सिंह, सुरेखा बिंद खुशी गुप्ता ने मानव अधिकारों पर अपने आकर्षक पोस्टर प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का संचालन- संयोजन रेंजर प्रभारी डॉ शिवकुमार, आभार ज्ञापन रेंजर लीडर सविता रावत ने किया। इस अवसर पर डॉ निरंजन कुमार यादव, डॉ शिखा सिंह डॉ इकलाख खान आदि प्राध्यापक गण एव, हुमैरा, आमना, खुशी, नेहा, अनूपमा, ज्योति, नीलम, दामिनी आदि रेंजर्स उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर भांवरकोल पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह शनिवार को समाधान दिवस में आये फरियादियों की फरियाद सुनने के साथ ही थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक थाना मुख्यालय पहुंचने के बाद सीधे कार्यालय पहुंचे और उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था जानकारी लेने के साथ ही भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या बलवा रोकथाम रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन करने के पश्चात थाना लंबित विवेचना ओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। फरियादियों की समस्याएं सुनी अधिकारियों को क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त रखने व आमजन से मित्रवत्र व्यवहार रखने के निर्देश दिए समाधान दिवस में कुल नौ प्रार्थना पत्र आए जिनमें से एक पुलिस विभाग से तथा आठ राजस्व विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र तथा राजस्व विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि राजस्व विभाग से संबंधित अन्य छह मामलों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गठित कर दी गई। मौजूदा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार लोगों से मित्रवत हो, जिससे आमजन में उनका विश्वास बने पीड़ित की शिकायत तत्काल सुनी जाए उसे चक्कर ना कटवाए जाएं महिला हेल्पडेस्क पर आने वाले माहिलाओ को कोई दिक्कत न हो इसके लिए उन्होंने वहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह व थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय चौकी प्रभारी मच्छटी ओंकार तिवारी सहित अन्य उपनिरीक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मियों के अलावा खैमनी देवी, रमाकांत राय सोना देवी मीना देवी आदि रहे।

# जनरल डायर की याद दिला गया मैगलगंज में किसान नेता श्यामू शुक्ला आंदोलन

**एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

लखीमपुर-खीरी : भ्रष्टाचार के विरोध में कई दिनों से पसगवां ब्लॉक के मैगलगंज के किसान नेता श्यामू शुक्ला धरने पर बैठे थे। कई दिनों से धरने पर बैठने के उपरांत किसान नेता श्यामू शुक्ला के द्वारा विकास खंड पसगवां के विकास विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने अन्यथा की स्थित में आत्मदाह करने का एलान किया गया था।

सुबह से जारी गहमा गहमी में शासन प्रशासन ने भ्रष्टाचार का संज्ञान तो नही लिया परंतु धरना और अपनी मांगों को लेकर आत्मदाह का प्रयास कर रहे किसान नेता को जबरन एंबुलेंस में डाला और धरने में उपस्थित महिला, बुजुर्ग नौजवानों को दौड़ा दौड़ा के पीटा गया।



मुख्यमंत्री जी आपकी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की क्या यही नीति है कि जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएगा उसे लाठी के दम से दबा दिया जाएगा, महिलाओं बुजुर्गो नौजवानों को दौड़ा दौड़ा के पीटा जायेगा। क्या इसे न्याय प्रिय,सबका साथ सबका विकास वाली योगी सरकार कहा जाय या अंग्रेजी हुकूमत की जनरल डायर की सरकार जहा आवाज उठाने वालो को दौड़ा दौड़ा के पीटा जाता है।

# जंगली हाथियों एवं बाघ के मोमेंट को देखते हुए प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित

एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर-खीरी : मोहम्मदी महेशपुर रेंज के अंतर्गत ग्राम नयागांव एवं बिहारीपुर फार्म हाउस में प्रभागीय वन अधिकारी संजय कुमार विश्वाल वन प्रभाग दक्षिण खीरी की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में दबीर हसन परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी नरेश पाल सिंह भी उपस्थित रहे।

मीटिंग में वर्तमान समय में जंगल में रह रहे हैं जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में मूवमेंट को देखते हुए जंगली हाथियों एवं बाघ के बचाव के बारे में जानकारी दी गई एवं सावधानियों के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों से विचार विमर्श किया गया तथा ग्रामीणों को जंगली हाथियों एवं बाघ के बचाव के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई और उनको



सतर्क रहने के लिए कहां गया। मालूम हो कि 27 नवंबर को राम भरोसे पुत्र भोला निवासी शिवपुरी थाना मोहम्मदी जिला खीरी को जंगली हाथियों द्वारा मार दिया गया था। वन विभाग द्वारा उनकी पत्नी जय कोरा पत्नी राम भरोसे को सहायता धनराशि ₹10000 का चेक दिया गया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी नरेश पाल सिंह,वन दरोगा जगदीश वर्मा,वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव तथा समस्त वन स्टॉप मौके पर मौजूद रहा।

# मानवाधिकार दिवस पर हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक आज मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला सचिव नवदीप शर्मा के निवास स्थान मोहल्ला हिंदू कटेरा निकट खोखरा मंदिर पर संपन्न हुई ।बैठक का मुख्य उद्देश्य मानवाधिकार दिवस पर सभी लोगों को जागरूक करते हुए लोगों को मानवधिकारों की जानकारी देना है ।बैठक में सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवदीप शर्मा द्वारा बताया गया कि उनका संगठन पिछले 7 वर्षों से सामाजिक उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रहा है और मानव अधिकार दिवस पर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही उनका उद्देश्य है। उन्होने बताया भारत में 12 अक्टूबर 1993 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया था तभी से ही प्रत्येक 12 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। मानवाधिकार आयोग आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्य क्षेत्र में भी काम करता है, परंतु इन सब चीजों के बाद भी मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाए दुनिया भर से आती रहती है जो की गलत है ।सभी मानवो को जन्म से ही मानवाधिकार की प्राप्ति होती है और मानवाधिकारों का सम्मान करने पर ही हम सभी एक अच्छे समाज के रूप में विकसित होते हैं ।मानवाधिकार




हर जगह लागू होते हैं और किसी के भी अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिए और ना ही किसी को करने देना चाहिए, यही मानवाधिकार एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में समीर शर्मा, पंकज कुमार ,संदीप शर्मा ,प्रदीप कुमार शर्मा, उमेंद्र सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विज्ञान वह कला है जो करो और सीखों का प्रतिपादन करती है–श्याम बहादुर सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए माडल

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल स्थित मार्टिन्स चिल्ड्रन एकेडमी में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्याम बहादुर सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया ।

प्रदर्शनी में बच्चों ने ऑटोमेटिक हाइड्रोलिक सिस्टम मशीन ,स्मार्ट गांव, स्मार्ट सिटी बाजार, अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं अन्य विज्ञान कला का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। इस मौके पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी एस बी सिंह ने कहा कि विज्ञान की कला को हम प्रतिदिन के कार्यों में करने के लिए करते हैं। साथ ही बड़ी सहायता एवं सुगमता से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि विज्ञान वह कला है जो करो और सीखों का प्रतिपादन



करती है। उन्होंने स्कूल के बच्चों की प्रतिभा की सराहना की । इस मौके पर मार्टिन चिल्ड्रन एकेडमी के प्रबंधक अवधेश पांडेय व द्वारिका पांडेय ने मुख्य अतिथि को स्कूल मांडल की आकृति एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव,विनोद राय, प्रधानाचार्य विनय राय, सोनी पांडे, मनोज प्रजापति, सचिन अग्रवाल ,मृत्युंजय यादव ,कृष्ण वर्मा ,प्रभाकर राय, संजना राय सहित अभिभावक मौजूद रहे

# सहायक परियोजना निदेशक डूडा कार्यमुक्त, पत्रावली उपलब्ध न कराने पर दर्ज होगा मुकदमा

**– निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण के कांफ्रेसिंग में अनुशासनहीनता पर कार्रवाई**
**– प्रत्रावली डूडा कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश, अन्यथा मुकदमा होगा पंजीकृत**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण के आदेश पर मीना सिंह सहायक परियोजना अधिकारी (संविदा) डूडा द्वारा मुख्यालय स्तर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहुत समीक्षा बैठक में उपस्थित होने के बावजूद भी निदेशक से बात करने से मना करने पर अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति उदासीनता के कारण उनको कार्यमुक्त कर दिया गया है।

अपर जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक डूडा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कर्मचारी आचरण नियमावली का अनुपालन न करना, आरोप निर्धारित करते हुए मीना सिंह परियोजना अधिकारी (संविदा) डुडा की संविदा आधारित सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हेतु नगरीय विकास अभिकरण से निर्देश प्राप्त हुआ है। कार्यमुक्त आदेश दो बार इनके पते पर प्रेषित किया गया परंतु दोनों बार घर पर नहीं मिली। इसलिए सेवा समाप्ति का आदेश जिला नगरीय विकास अभिरकण में डाकिया द्वारा सेवा समाप्ति का आदेश प्राप्त कराया गया है। पुनः निदेशक महोदया राज्य नगरीय विकास अभिकरण का तत्कालीन मीना सिंह सहायक परियोजना अधिकारी (संविदा) डूडा के आवास पर पंजीकृत डाक से आदेश की प्रतियां प्रेषित कर दिया गया। दो गवाहों की उपस्थिति में उनके घर पर उपरोक्त आदेशों की प्रतिया चस्पा करा सेवा समाप्ति के क्रम में निर्गत कार्यमुक्त की सूचना का निर्देश दिया गया। मीना सिंह को अपनी व्यक्तिगत प्रत्रावली डूडा कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है, ऐसा नहीं करने पर मीना सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ थाना कोपागंज में की जन सुनवाई

**– मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व टीम को किया रवाना**
**– डीएम ने दोनों विभाग को त्वरित निस्तारण के लिए दिया निर्देश**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के साथ महीने के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर थाना कोपागंज में जन सुनवाई की। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। कुछ शिकायतें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भी थी जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा खाली कराने के साथ ही कब्जेदारों के



खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। सभी शिकायत कर्ताओ की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुछ मामलों में पुलिस एवं लेखपाल की संयुक्त टीम को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर रवाना भी किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर हेमंत चौधरी तथा स थाने के सभी अधिकारी एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित थे।

# मंगलवार तक श्यामू शुक्ला की रिहाई अन्यथा होगा प्रदेश भर में बड़ा आंदोलन : राजू गुप्ता

**–किसान नेता की जमानत न हुई तो पूरे प्रदेश में जेल भरो आंदोलन के तहत जायेंगे किसान जेल !**

एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर-खीरी : किसान नेता श्यामू शुक्ला के जेल जाने के बाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी धरनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम व सीओ मितौली से वार्ता की।

सीतापुर-खीरी जनपद की सीमा पर किसान नेता श्यामू शुक्ला के नेतृत्व में लगभग दो माह से चल रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर भाकियू अवध के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता समेत कई पदाधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने मितौली एसडीएम विनीत उपाध्याय व सीओ आदित्य गौतम से वार्ता करते हुए कहा कि श्यामू द्वारा आत्मदाह का प्रयास किये जाने के बाद हुए। लाठीचार्ज में निर्दोष किसान घायल हुए हैं जिसकी वह



कड़े शब्दों में निंदा करते हैं साथ ही उन्होंने कहा कि यदि मंगलवार तक उनकी जमानत नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में जेल भरो आंदोलन के तहत किसान जेल जाएंगे। इसके अलावा रविवार को लखनऊ में प्रदेश के सभी जनपदों के पदाधिकारियों की बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी वहीं मैगलगंज में कल तक चले धरना प्रदर्शन को लगातार जारी रखने की बात भी कही।

# नायब तहसीलदार फिरोजाबाद की अध्यक्षता मे सम्पन्न थाना दिवस

## लेखपालों के बजाय अजीरो के सहारे थाना दिवस! लेखपालो की गैर मौजूदगी मे हुआ सम्पन्न

एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर-खीरी : शासन के निर्देश है कि पीडित व्यक्ति को स्थानीय स्तर पर सरकारी योजनाओ व भूमि विवाद सम्बंन्धी मामलो मे न्याय मिल सके इसके लिऐ विभागीय पुलिसकर्मी व राजस्व के उच्चाधिकारियो की देख रेख मे प्रत्येक शनिवार को तहसील व थाना स्तर पर सचांलित तहसील समाधान व थाना दिवसो का आयोजन होता आ रहा है।

मगर कुछ माह से थाना व तहसील दिवसो से जिम्मेदार अधिकारियों का मोहभंग होने लगा है जिसकी बानगी दिखाई देने लगी है।

10.12.2022 दिन शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस कोतवाली परिसर धौरहरा मे हुआ जिसकी अध्यक्षता नायब तहसील दार फिरोजाबाद बीरेन्द्र यादव ने की थाना समाधान दिवस मे कुल 20 शिकायते दर्ज हुई जिन्हे जांच के लिये भेज दिया गया ।समाधान दिवस मे ज्यादातर कुर्सिया खाली रही ।पता करने पर बताया गया कि कई लेखपाल आये ही नही। हां कई लेखपालो के निजी अजीरो की थाना




समाधान दिवस मे मौजूदगी दिखी ।थाना दिवस मे प्रभारी निरीक्षक धौरहरा विवेक उपाध्याय,क्राइम इंस्पेक्टर दीपक राय,उप निरीक्षक योगेश कुमार,गौरव कुमार,इसांफ अली,वेदपाल,चौकी प्रभारी रामजीत यादव समेत पुलिस बल मौजूद रहा। वही दूसरी तरफ कोतवाली परिसर ईसानगर के समाधान दिवस मे नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्रा व क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह की अध्यक्षता मे किया गया ।जिसमे लगभग 18 शिकायते आई सभी को कार्यवाही के लिए भेजा गया ।इस दौरान थानाध्यक्ष पकंज त्रिपाठी, उप निरीक्षक महेन्द्र यादव,विद्यासागर शुक्ला व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# खनन माफियाओं के संरक्षण में चल रहा है मिट्टी का खनन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम बुंदकी के आस पास ग्रामों में खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी का खनन बड़े पैमाने पर किए जाने की खबर मिली है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बूंदकी के आसपास क्षेत्रों में दिन के उजाले में खुलेआम खनन किया जा रहा ह प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही इन माफियाओं के खिलाफ नहीं हो रही है ,जिससे इन खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है और यह खुलेआम अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं ।सुबह से लेकर शाम तक यह



खनन माफिया ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी का खनन कर रहे हैं जिससे सरकारी आदेश का उल्लंघन हो रहा है ।शायद अधिकारीगण इस मामले से अनभिज्ञ हैं इसलिए इसमें कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र के तमाम लोगों ने इन खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# अब्दुल रज्जाक मेमोरियल वॉलीवॉल प्रतियोगिता में डालिम्स गांधीनगर का शानदार प्रदर्शन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

ग्लेन हिल स्कूल एंड हॉस्टल में आयोजित हुआ अब्दुल रज्जाक मेमोरियल वॉलीवॉल प्रतियोगिता। ग्लेन हिल पब्लिक स्कूल मंडुवाडीह में दो दिवसीय अब्दुल रज्जाक मेमोरियल वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 09/12/2022 और 10/12/2022 को हुआ जिसमे वाराणसी, इलाहाबाद मिजार्पुर,और गाजीपुर की कुल बारह टीमों ने प्रतिभाग किया ।इस प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल ग्लेन हिल पब्लिक स्कूल और मुकुलानंदन पब्लिक स्कूल के बीच हुआ ।दूसरा सेमीफाइनल डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर और केंद्रीय विद्यालय मंडुवाडीह के बीच कुल पांच सेट का मैच हुआ जिसमे डालिम्स गाजीपुर ने क्रमशः पहला सेट 24-25 से, दूसरा सेट 25-23 से , तीसरा सेट 23-25 से , चौथा सेट 25-22 से और निर्णायक पांचवे सेट में कांटे की टक्कर देते हुए 24-25 यानी एक प्वाइंट से चूक गई ।इस प्रतियोगिता में डालिम्स गांधीनगर का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। डालिम्स गांधीनगर की टीम अध्यापक जोखन यादव के निर्देशन में वाराणसी गई थी,जिसमे टीम कैप्टन आयुष राय,तथा अन्य खिलाड़ियों में शिवम राय,शुभम कुमार ,कुणाल पांडेय,सुधांशु मिश्रा इत्यादि ने प्रतिभाग किया।



**जीएसटी छापेमारी में जमा कराए पांच लाख टैक्स**

# नगर के मिजार्हादीपुरा व बाल निकेतन स्थित अलग-अलग फर्म में हुई छापेमारी

**स्टाक में समानता नही पाए जाने पर लेखा पुस्तिका टीम ने किया जब्त**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : राज्य कर विभाग लखनऊ के निर्देशन में चल रहे अभियान में शनिवार को जिला स्तरीय टीम ने शहर के मिजार्हादीपुरा में स्थित एक कपड़े के दुकान पर छापेमारी किया। जहां पर इनके कागजातों व मौके पर स्टाक में काफी अंतर पाया गया। जीएसटी अधिकारियों की टीम ने उनके कुछ कागजातों को जब्त करते हुए अपने साथ ले गए। लगभग तीन घंटे तक चले इस छापामारी एवं मिलान में संदेह होने पर जीएसटी अधिकारियों की टीम कुछ कागजातों को लेकर गई। इसके साथ ही साथ पांच लाख रुपये जीएसटी टैक्स के रूप में व्यापारी से जमा कराया गया। उधर बाल निकेतन तिराहा स्थित एक चश्मा व्यापारी के यहां भी जीएसटी की टीम जा धमकी तथा मौके पर उनके कागजातों की जांच कर रही है। जहां लेखा पुस्तिका वह मौके पर स्टाक में समानता नही पाए जाने पर लेखा पुस्तिका जब्त कर ली गई। जिसका मिलान संबंधित फर्म स्वामी द्वारा कार्यालय में कराया जाएगा। राज्यकर विभाग के जीएसटी की टीम में आयुक्त विकास सागर, सहायक आयुक्त अरविंद कुमार पाठक, अभिषेक कुमार सिंह, आशीष मिश्रा, आलोक चंद गौतम, वाणिज्य कर अधिकारी लवकुश व पुलिस बल मौजूद था।



# किसान नेता के आत्मदाह करने के प्रयास के बाद किसानों पर बरसी लाठियां!

**–भ्रष्टाचार का विरोध करने पर किसानों को मिली पुलिस की लाठियां**

**एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

लखीमपुर-खीरी : भारतीय किसान यूनियन अवध के बैनर तले 66 दिन से चल रहे धरने के बाद 9 दिसंबर को किसान यूनियन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला श्यामू किसानों की समस्याएं और भ्रष्टाचार की पोल खोल को लेकर साक्ष्य सहित अपनी मांगे रखने बावजूद मांगे न पूरी होने पर आत्म दाह का एलान किया का ऐलान किया गया था। जिसको लेकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई के एवज में मिली किसानों को पुलिस की लाठियां। यादव मोहल्ले में अपने किसान साथियो के साथ किसान नेता पहुचे,धरना शुरू किया। किसान नेता की मांग थी बिना कार्य कराए ही क्षेत्र पंचायत के द्वारा पैसा निकाल लिया गया। यादव मोहल्ले से बाईपास तक 400 मीटर खड़ंजा लगाने का पैसा का निकाला उस मार्ग पर कोई कार्य नहीं हुआ था। यह आरोप किसान नेता ने लगाए इसी को लेकर आज आत्मदाह का ऐलान किया था मौके पर पहुंचे पीडी से कुछ किसानों की नोकझोंक होने के कारण किसान ने पेट्रोल डालकर आग लगा ली पुलिस फोर्स ने बचाव करते हुए लाठी-चार्ज कर जबरदस्त धुनाई करके किसानों को उठा ले गई। क्षेत्र पंचायत के द्वारा निर्माण कार्य ना कराने पर भी पैसा निकाल लिया उसको लेकर आज आत्मदाह की चेतावनी दी थी, जिस पर बात ना बनने पर पुलिस प्रशासन के द्वारा किसानों पर लाठियां भाजी गई और किसानों को धरना स्थल से उठाकर जिला मुख्यालय ले जाया गया। अब कई लोगो को चर्चा करते हुए देखा गया, भाई अब अगर आप के पास भ्रष्टाचार के सबूत हो तो भी इसके विरोध में मत बोलना नहीं तो यही हाल होगा। लोगो में इस बात को लेकर भय भी देखा गया।

# परम पूज्य योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के जन्मदिन पर फल वितरण और दुर्गा चालीसा पाठ किया गया।

**नोएडा समाज जागरण।**

नोएडा में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा नोएडा की ओर से परम





पुज्य योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के जन्मदिन बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर एक तरफ जहाँ नशा मुक्त होने का संकल्प लिया गया वही दूसरी तरफ नोएडा सेक्टर 49 लेबर चौक पर जरूरमंदो में फल, फ्रुट तथा बिस्कीट वितरण किया गया।

विशेष दिवस पर संगठन से जुड़े कार्यकताओं ने दिव्य मां के आरती की वही 5 घंटे का श्री अखंड दुर्गा चालिसा पाठ किया गया। इस मौके पर जिन कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा उनमें रत्नेश राय सचिव, सुनील सिंह जी उपाध्यक्ष, कमलेश तिवारी जी प्रचार मंत्री, हीरालाल जी, कमलेश भार्गव जी, गुड्डू जी, राम भजन जी, रिंकी विश्वकर्मा जी, मनीषा जी, ऋतुराज जी रिया जी, अनसूया जी । इसके अलावा सैकड़ों संख्या में कार्यकताओं नें इस विशेष कार्यक्रम में भाग लिया।



# नौडिहा आजीविका महिला ग्राम संगठन हुई मासिक बैठक, जिला प्रबंधक रहे उपस्थित।

**कुंडहित प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता शेख समीम की रिपोर्ट**

कुंडहितःशनिवार को प्रखंड के नौडिहा गांव में नौडिहा आजीविका महिला ग्राम संगठन का मासिक बैठक किया गया। मौके पर डीएम-एसएमआईबी उत्तम कुमार ,एडमिन सौरभ भरत ,जेआरपी अब्दुल रज्जाक उपस्थित थे। बैठक के दौरान पिछले बैठक की समीक्षा की गई। सरकारी योजनाओं पर तथा स्वच्छता से संबंधित चर्चा की गई।मौके पर डीएम एसआईआईबी उत्तम कुमार ने ग्राम संगठन के रजिस्टर एवं समूह के रजिस्टर, बैंक पासबुक आदि का जांच किया गयाहै। साथ ही समूह एवं ग्राम संगठन की गतिविधिया, कौन सी दीदी ऋण लेकर किस आजीविका में जुड़ी है ,किस समूह



को सीआईएफ एवं आरएफ मिला है। आदि जाँच किया गया। उन्होंने ने उपस्थित ग्राम संगठन पदाधिकारी एवं लेखापाल को रजिस्टर अपडेट रखने का निर्देश दिया गयाहै, साथ ही समूह का रजिस्टर को भी अपडेट करते रहने के लिए कहा गया है।उन्होंने सखी मंडल दीदीयों को ग्राम संगठन ,समूह एवं बैंक से ऋण लेकर आजीविका से जुड़ने के लिए कहा गया। वही मौके पर जेआरपी अब्दुल रजाक द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना एवं भारतीय स्टेट बैंक आरसेटी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर ग्राम संगठन के पदाधिकारी के अलावे काफी संख्या में सखी मंडल दीदियां उपस्थित थी।

# कोटलपोखर मे लॉटरी बेचते हुए पुलिस ने रंगे हाथों धर दबोचा.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिला के हिरणपुर थाना अन्तर्गत सितपहाड़ी से कुमार निमेश उर्फ. बंटी पिता निर्मल प्रसाद साह ग्राम-कोटलपोखर के रहने वाले कोटलपोखर मे लॉटरी बेचते हुए पुलिस ने रंगे हाथों धर दबोचा पुलिस पकड़े गए आरोपी पर विधिसम्मत करवाई कर रही है, पुलिस ने आरोपी की छानबीन की तो 155 पिस अवैध लॉटरी टिकट बरामद हुई, लॉटरी की कीमत 4500 रुपए के आसपास है जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा जप्त कर लिया गया है,

थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया की आरोपी बरहरवा से लॉटरी लाकर सितपहाड़ी, फूटनी मोढ़, लखनपुर, बड़ताल्ला में बेचता था, प्रतिदिन 10000 रुपया लॉटरी



टिकट बेच देने की सूचना प्राप्त हो रही थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दी है। राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित लॉटरी जो लॉटरी बेचने को अवैध माना गया ।अब पुलिस की करवाई से लॉटरी बिक्रेता और उसके संरक्षक,माफिया मे हड़कंप देखा जा रहा है।सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल के कुछ लॉटरी संचालक इस अवैध कार्य मे लिप्त है।पश्चिम बंगाल काफी नजदीक होने की वजह से लॉटरी और शराब आसानी से मिल जाती है, जहाँ पाकुड़ मे ऊंचे दामों में बेचा जाता है।हालांकि पुलिस मुख्य माफिया जो अवैध कार्य मे लिप्त है, अपनी पैनी नजर रखी हुई है।

# संथाल परगना स्थापना दिवस धूम धाम से बनाने को लेकर हुआ बैठक.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखंड के डाकबंगला परिसर में शनिवार को संथाल परगना जागवार वैसी के प्रखंड अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू की अध्यक्षता में एक



बैठक की गई। बैठक में वैसी के द्वारा आगामी 22 दिसंबर को संताल परगना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा कर रणनीति तैयार की गयी। साथ ही बैठक में वैसी के सदस्यों ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति जल्द लागू हो, अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा एक्ट 1996 के अनुरूप जल्द नियमावली बने और सख्ती से लागू हो, सीएनटी, एसपीटी एक्ट सख्ती से पालन हो। वही प्रखंड अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा के नाम पर यहां के लोगों को सिर्फ गुमराह कर रहे हैं। वैसी के सदस्य अनिल हेंब्रम ने कहा कि समस्त आदिवासी समाज संताल परगना स्थापना दिवस को मनाने में अपना सहयोग और भागीदारी दें। मौके पर धोने मरांडी, अनिल हेम्ब्रम, सुनील किस्कु, मनोज किस्कु, खूटू सोरेन, कमलेश बास्की, बाबूलाल हेम्ब्रम, धनेश्वर हेम्ब्रम, अजय टूड सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया.

**दैनिक समाज जागरण मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व बन्दना योजना के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में प्रखंड की गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में पाकुड़िया सहित प्रखंड के विभिन्न गाँवो से पहुंची एक सौ गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई, इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभय कुमार यादव एवं चिकित्सक डॉ गंगा शंकर साह के साथ ए एन एम बसंती टुडू ,रेबिका मसी, शांति टुडू आदि अन्य ने गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, यूरिन, एच आई



भी, शुगर एलबोमिना आदि अन्य बीमारियों की जाँच कर आवश्यक दवा और जरूरी सलाह दिए, चिकित्सक डॉ गंगाशंकर साह ने बताया कि गर्भवती माताओं को जाँचोपरांत आवश्यकतानुसार दवा, विटामिन, आयरन व फोलिक एसिड का टेबलेट, कैल्शियम आदि दवा का मुफ्त में बितरण किया गया। समाचार प्रेषण तक महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच जारी थी। मौके पर चिकित्सक ने सबों को सरकारी अस्पताल में ही संस्थागत प्रसव कराने का निर्देश दिया। इस दौरान संबंधित गांवों की स्वास्थ्य सहिया भी मौजूद थीं।

# स्पेशल मेडिएसन में पति पत्नी के 29 विवाद समाप्त

(आर एन चौरसिया)

धनबाद , जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए गए स्पेशल मेडिएशन ड्राइव में पति पत्नी के बीच के 29 विवादों को निपटारा किया गया ।इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर सिविल कोर्ट धनबाद के प्रांगण में पांच दिनों का स्पेशल मेडिएशन ड्राइव पांच दिसंबर से शुरू किया गया था जो 9 दिसंबर तक चला ।इस दौरान केवल पति पत्नी के बीच के विवाद में ही मध्यस्थता की गई और कुल 29 विवादों को सुलह समझौते के आधार पर समाप्त करा दिया गया।उन्होंने कहा कि मध्यस्थता सुलह समझौते का अच्छा प्लेटफार्म है ,जहां न कोई हारता है ,न जितता है।पक्षकारों के बीच मुकदमों में समझौता कराने के लिए प्रशिक्षित मेडिएटरों के बेंच का गठन किया गया था ।कुल 75 मुकदमे स्पेशल मेडीएसन ड्राईव के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा भेजे गए थे। बेंच में प्रशिक्षित मेडिएटर थे जिनके द्वारा पक्षकारों के मध्य समझौता कराकर विवादों का



निपटारा कराया गया। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को सिविल कोर्ट धनबाद में नेशनल लोक अदालत अदालत का आयोजन किया गया है । जिसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है । विवादों के निपटारे के लिए 11 दिसंबर से सभी अदालतों में प्री सिटिंग की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराएं।

गरीबों के बीच न्यायाधीश ने बांटा कंबल

धनबाद , बढती ठंड से गरीबों को निजात दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया । इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि फुटपाथ एवं बेसहारा - बेघर लाचार गरीब महिला , पुरुषों के बीच कड़ाके की ठंड से राहत हेतु कंबल का वितरण किया। डालसा सचिव ने बताया कि लाचार एवं बेघर लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डालसा द्वारा गठित टीम राहत पहुंचाने के लिए तत्पर एवं प्रयत्नशील है ।

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय झरिया के वार्डन एवं गार्ड के खिलाफ उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपा.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखंड के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय झरिया के वार्डन एवं गार्ड के खिलाफ एक शिकायती पत्र उपायुक्त,जिला शिक्षा अधीक्षक,जीप अध्यक्ष पाकुड़ को प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य सुनीता मुर्मू ने शनिवार को किया। पत्र में उल्लेख किया गया है



कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मैं प्रवेश नहीं करने दिया गया। कुछ अभिभावकों ने उनको शिकायत किया था कि आवासीय विद्यालय में पढ़ाई साफ सफाई खाने-पीने सहित रहन-सहन की व्यवस्था विद्यालय में नहीं होती है। मुख्य गेट पर उपस्थित गार्ड के द्वारा मेरे साथ अभद्रता किया गया और मुझे अंदर प्रवेश करने नहीं दिया गया।

# तिब्बती शारणर्थी स्वेटर सेलर एसोशियेशन ने जिला परिषद के मैदान में धर्मगुरु दलाई लामा की पूजा अर्चना की

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, तिब्बती शारणार्थी स्वेटर सेलर एसोसिएशन लहासा मार्केट जिला परिषद मैदान में अपने सर्वोच्च बौद्ध धर्मगुरु शांति नोबेल पुरस्कार विजेता की 33 वीं वर्षगांठ पर दलाई लामा की बहुत शिद्दत के साथ विशेष पूजा अर्चना कर, तिब्बती अध्यात्मिक गाना गाकर उनके दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर धनबाद के डी डी सी ने भी दलाई लामा के स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही मिठाइयां एवं जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए गये। दस दिसंबर को हर साल धनबाद में ही रहते हैं और धर्मगुरु और विश्व के महान शांतिदूत दलाई लामा की बहुत शिद्दत से पूजा अर्चना करते हैं एवं मिठाइयां भेंट करते हैं। एवं जरूरतमंदों एवं संस्थाओं के बच्चों



के लिए निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित करते हैं। धनबाद वासियों के सेवा में हर वर्ष अक्टूबर के बाद गर्म कपड़ों मार्केट लगाते आ रहे हैं लेकिन विगत दो वर्षों से कोरोना काल में लॉकडाउन और सरकारी निदेर्शानुसार नहीं लगा पाए। दो वर्षों बाद धनबाद में आकर इस बार हम लोग काफी उत्साहित और हैं कि फिर से कपड़ों से विभिन्न वैरायटी से धनबाद वासियों की सेवा कर रहे हैं।सबसे खुशी की बात धनबाद वासी स्वेटर बाजार में आकर कपड़े खरीद रहे हैं ,उनका विश्वास पूर्व की तरह कायम है।

# तिब्बती शरणार्थियों ने न्यू स्टेशन ग्राउंड में की धर्मगुरु दलाई लामा की पूजा अर्चना

## 1989 से ही धनबाद में मना रहे दलाई लामा के नोबेल शांति पुरस्कार वर्षगांठ सह 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस

धनबाद, शनिवार को तिब्बती रिफ्यूजी स्वेटर सेलर वेलफेयर एसोसिएशन ने धनबाद, जामा मस्जिद रोड, न्यू स्टेशन ग्राउंड में अपने सर्वोच्च बौद्ध धर्मगुरु शांति नोबेल पुरस्कार विजेता की 33 वीं वर्षगांठ पर दलाई लामा की बहुत शिद्दत के साथ विशेष पूजा अर्चना कर, तिब्बती अध्यात्मिक गाना गाकर उनके दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही मिठाइयां एवं जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित कर किए। स्वेटर बाजार के प्रधान लोदेन छेरिंग ने बताया विगत 40 वर्षों से हम तिब्बती न्यू स्टेशन ग्राउंड जामा मस्जिद रोड पुराना बाजार में धनबाद वासियों की उचित कीमत पर गर्म कपड़ों की सेवा करते आ रहे हैं। और 10 दिसंबर को हर साल धनबाद में ही रहते हैं और धर्मगुरु और विश्व के महान शांतिदूत दलाई लामा की बहुत शिद्दत से पूजा अर्चना करते हैं एवं मिठाइयां भेंट करते हैं एवं जरूरतमंदों एवं संस्थाओं के बच्चों के लिए निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित करते हैं। लोदेन छेरिंग ने बताया कि विगत 40 वर्षों 1982 से न्यू स्टेशन ग्राउंड में धनबाद वासियों के सेवा में हर वर्ष अक्टूबर के बाद गर्म कपड़ों मार्केट लगाते आ रहे हैं ' लेकिन विगत 2 वर्षों से कोरोना काल में




लॉकडाउन और सरकारी निदेर्शानुसार न्यू स्टेशन में नहीं लगा पाए। 2 वर्षों बाद धनबाद में आकर इस बार हम लोग काफी उत्साहित और खुश हैं कि फिर से कपड़ों से विभिन्न वैरायटी से धनबाद वासियों की सेवा कर रहे हैं।सबसे खुशी की बात धनबाद वासी स्वेटर बाजार में आकर कपड़े खरीद रहे हैं उनका विश्वास पूर्व की तरह कायम है। इसका हम भी अच्छे प्रोडक्ट और उचित रेट से खास ख्याल रखते हैं।उन्होंने कहा धनबादवासी बहुत ही अच्छे और कोऑपरेटिव है हम समस्त भारतवासी एवं भारत सरकार का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया हिमाचल के धर्मशाला में भारत सरकार रिहैबिलिटेशन पॉलिसी 2014 के तहत खेती करने के लिए जमीन एवं विभिन्न योजनाओं में तिब्बतियों की मदद करती है।दलाई लामा के पूजा अर्चना में तिब्बती रिफ्यूजी स्वेटर सेलर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लुप्सान्ग ज्ञात्सो,टाशी थुप्तन एवं अन्य उपस्थित थे।

# धेनुकडीह मैदान में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन।

**कुंडहित प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता सेख समीम**

कुंडहित प्रखंड :धेनुकडीह फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन।जिसमें पंचायत के 16 टीम ने भाग लिया।फाइनल मैच अमलादही पंचायत बनाम कुंडहित पंचायत के बीच खेल खेला गया। जिसमें अमलादही पंचायत एक गोल से विजेता रहे।प्रतियोगिता के दौरान विजेता अमलादही पंचायत टीम को बड़ा कप तथा उपविजेता कुंडहित पंचायत के टीम को छोटा कप देकर



पुरस्कृत किया गया।बताते चले कि प्रखंड स्तरीय फाइनल फुटबॉल के विजेता आगामी दिन में जिला स्तरीय खेल में भाग लेंगे।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी ने खिलाड़ियों को आगे और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साहित किया।मौके पर रामकिशोर मुर्मू बीपीआरओ महादेव पोद्दार धेनुकडीह फुटबॉल कमेटी के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य, प्रखंड के बगडेहरी पंचायत के मुखिया सुरजोमुखी हेब्रोम और कई मुखिया सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की प्रिंसिपल के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में दाखिल की पी आई एल

धनबाद ,दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की प्रिंसिपल सरिता सिन्हा के द्वारा कथित रूप से की गई वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है।जनहित याचिका युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने दायर की है।जिसमें डीपीएस की प्राचार्य, बीसीसीएल के सीएमडी और बिल्डर अमित सुल्तानिया एवं डीपीएस सोसाइटी के चेयरमैन समेत एक दर्जन लोगों को पार्टी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद के जूनियर विंग जगजीवन नगर के भवन निर्माण में घोर अनियमितता हुई है।

कोविड काल में सैनिटेशन लिफ्ट के नाम पर खर्च किया गया,

विद्यालय कोषांग से सारा पैसा इस भवन के निर्माण में और स्कूल में कोविड काल में सैनिटेशन लिफ्ट के नाम पर खर्च कर दिया गया । जिस कारण विद्यालय के शिक्षकों को समय पर वेतन देने के लिए बैंक से ली गई लोन की राशि जमा करने के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों के



पीएफ एवं एलआईसी की रकम जमा करने के लिए विद्यालय के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है। इसलिए इस पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच होनी चाहिए।याचिका में यह भी कहा गया है कि एक ऑडियो वायरल हुआ है ,जिसमें प्राचार्य सरिता सिन्हा एवं संवेदक अभिजीत सुल्तानिया के बीच करोड़ों रुपए के लेन-देन का जिक्र किया गया है।

# साईं भक्तों के जत्था को साईं पट्टा से सम्मानित

सिंदरी , शनिवार को सिन्दरी साई मंदिर परिसर से साईं संस्थान के संरक्षक रविन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में 35-36 साईं भक्तों का एक जत्था शिरडी एवं अन्य धर्म स्थलों के दर्शन हेतु प्रस्थान किया। साईं भक्तों के जत्था को साईं पट्टा से सम्मानित करते हुए टेक्निक लिमिटेड के आरसीएम बबन कुमार सिंह, पवन, तनेजा, सीमा एवं रेनू सिंह द्वारा बाबा का जयकारा के साथ जत्थो को विदा किया । साईं भक्तों के जत्था में मुख्य रूप से ज्वाला सिंह, अशोक, सतीश, उपेंद्र, उमा सिंह, अनिल, देवेंद्र, डी के सिंह, उषा सिंह, राहुल, बलराम डे, भोला, छोटू, किरण, मंजू, माया, मुनि, सुनीता एवं अन्य साईं भक्त है। इस अवसर पर साईं मंदिर के पंडित विभाष ठाकुर, राजु , हेमा शर्मा इत्यादि लोग मौजूद थे।

## धनबाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया।

धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन , ब्रजेन्द्र प्रसाद प्रसाद सिंह को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है।साथ-साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक 26 सदस्यीय पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाया गया है।उक्त कमिटी में झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित प्रदेश के सभी बड़े 26 नेताओं शामिल किया गया है।उक्त कमेटी में ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गई है।



झारखंड प्रदेश कांग्रेश कमेटी में उपाध्यक्ष एवं पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी मिलने पर ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं शीर्ष नेतृत्व ने जिस आशा और उम्मीद के साथ भरोसा जताते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दिया है,उस पर मैं खरा उतरूंगा और निश्चित रूप से संगठन हित में ऐतिहासिक कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। आगे उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके, सोनिया गांधी, राहुल गांधी,झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने शुभकामनाएं दी।

# असफी हॉस्पिटल धनबाद में कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी, (बायपास सर्जरी) की शुरूआत शीघ्र।

(आर एन चौरसिया)

धनबाद , धनबाद स्थित असफी हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग अपने प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञों के लिए जाना जाता है। इस अस्पताल में डॉ. सूरज हर महीने लगभग एक सौ से भी ज्यादा हृदय रोगी मरीजों को ऑपरेशन द्वारा उनका ईलाज कर उनका जान बचा रहे है। ज्ञात हो की डॉ. सूरज अनगिनत हृदय मरीजों का जान बचा चुके है और आगे रहे भी रहे है। आजकल की जीवन शैली के कारण हृदय के गंभीर बीमारी से मरीज ग्रासित हो रहे है।जिन्हे कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी (बायपास सर्जरी) की आवश्यकता होती है।वैसे मरीजों को बडें शहरों जैसे वेल्लूर, बंगलौर, दिल्ली,चेन्नई जैसे अन्य महानगरों की ओर रूख करना पड़ता है। जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मरीज के परेशानियों को देखते हुए डॉ. सूरज ने यह महसू किया कि यहाॅ भी कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी (बायपास सर्जरी) की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने असफी हॉस्पीटल के प्रबंधक से अपनी बात रखी। डॉ. सूरज की आगुवाई में असफी हॉस्पीटल के प्रबंधक ने यहाँ कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी (बायपास सर्जरी) की स्थापना की शरुआत की है।

असफी हॉस्पीटल प्रबंधक नें कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी (बायपास सर्जरी) की शुरूआत करने हेतु मशीनों का ऑर्डर दिया जा चुका है । जिसमें प्रमुख रूप से कार्डियोपल्मोनरी बाईपास मशीन (सीबीएम), हेमोथर्म, इंट्रा-एओर्टिक बैलून पंप (क्अइढ) मशीन, सीटीभीएस मोडूलर ओटी व अन्य मशीनें को इमपोर्ट किया जा रहा है। कार्डियोपल्मोनरी बाईपास मशीन (सीबीएम) या हार्ट-लंग मशीन एक उपकरण है ,जो शरीर को रक्त और ऑक्सीजन प्रदान करते हुए अस्थायी रूप से हृदय और फेफड़ों के काम को अपने हाथ में लेता है। इसका उपयोग अक्सर गंभीर प्रक्रियाओं के दौरान किया जाता है ।जिसके लिए हृदय को रोकना पड़ता है। हेमोथर्म का प्रयोग रक्त तापमान प्रबंधन में किया जाता है। इंट्रा-एओर्टिक बैलून पंप (क्अइढ) मशीन यह हृदय को अधिक रक्त पंप करने में मदद करता



है।

डॉ. सूरज की अगुवाई में कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी (बायपास सर्जरी) के लिए बहार से डॉक्टरों की टीम आ रही है ।इसमें मुख्य रूप से सीटीभीएस सर्जन, पर्फ्युजनिस्ट, सीटीभीएस

एनेस्थेटिस्ट व पारामेडिकल एवं नर्सिंग स्टॉफ को महानगरों से बुलाया जायेगा।

अब धनबाद वासियों को कार्डियो वैस्कुलर सर्जरी (बायपास सर्जरी) के लिए सदूर महानगरों का रूख नही करना पडेगा।

डॉ. सूरज ने कहा कि ह्लजब हृदय की नसें ब्लॉक हो जाती हैं ,तो बायपास सर्जरी की जाती है। बायपास सर्जरी में छाती में चीरा लगाकर अंदर से एक धमनी जिसे इंटरनल थोरेसिक आर्टरी कहते हैं का ऑपरेशन किया जाता है। इसमें पहले हाथ या पैर की नस लेते हैं और इसका इस्तेमाल वाहक नली के तौर पर करते हैं, यह तभी किया जाता है जब हृदय की तीनों मुख्य धमनियों में समस्या होती है। इसको बायपास सर्जरी इसलिए कहते हैं क्योंकि जहां पर ब्लॉकेज होती है ।उससे आगे बायपास नली के जरिए हृदय की मांसपेशियों में रक्त का प्रवाह कराया जाता है।


असफी अस्पताल धनबाद और उसके आस-पास के क्षेत्रों में बहुत ही किफायती कीमत पर कोरोनरी आर्टरी सर्जरी (उअइत्र्) (बायपास सर्जरी) की सुविधा प्रदान करने वाला धनबाद का एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल होगा।

हृदय रोग से ग्रासित वैसे गरीब मरीज जिन्हें कोरोनरी आर्टरी सर्जरी (उअइत्र्) करना अनिवार्य हो और उनके पास ईलाज के लिए पैसे न हो वे मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना से अपना निःशुल्क ईलाज करवा सकते है। असफी हॉस्पीटल, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना से सूचीबद्ध है। इसके अलावा कोल इंडिया, भारतीय रेलवे, सीजीएचएस, ईएसआई, ईसीएचएस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (उअढत्र्), सिम्फर, आईएसएम, जैसी संस्था के साथ भी सूचीबद्ध है। गरीब मरीजों के निशुल्क ईलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना को सूचीबद्ध करने हेतु झरखण्ड सरकार को ढेड वर्ष पुर्व आवेदन दिया गया है, जो झारखण्ड सरकार द्वारा लंबित है। ज्ञात हो की धनबाद व झारखण्ड में छोटे-मोटे सभी हॉस्पीटलों में आयुष्मान भारत योजना चल रहा है, लेकिन आसफी हॉस्पीटल जो 250 बेड, एनएबीएच व एनएबीएल से मन्याता प्राप्त हॉस्पीटल यहाॅ आयुष्मान भारत योजना अभी तक शुरू नही हुई, यह खेद की बात है। गंभीर बीमारी से ग्रासित गरीब तबके के लोग जिनका ईलाज धनबाद के आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्ध हॉस्पीटलों में नहीं किया जा सकता है। उनलोगों को बहार जाना पड़ता है, जिससे उन्हे आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने किया प्रपत्रों का सत्यापन

धनबाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी धनबाद सदर- सह- सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 40 - धनबाद , ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा आज प्रपत्रों का सत्यापन किया गया।

इसी दौरान मतदान केंद्र संख्या - 411, 413, 414, 442, एवं 443 के बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 23 में किए गए कार्यों की जांच की गई।



जांच के क्रम में उन्होंने पाया कि कुछ बीएलओ के द्वारा फार्म - 6, 7, 8 के एंट्री एवं आधार प्रमाणीकरण का कार्य प्रशंसनीय है। कुछ बीएलओ के कार्य में प्रगति की आवश्यकता है। वैसे बीएलओ को निर्देश दिया कि 5 दिनों के अंदर कम से कम 25 फार्म - 6 की एंट्री एवं शेष मतदाताओं का आधार कलेक्ट करना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही ए.एस.डी. (एबसेंट, शिफ्टेड या डेड) मतदाताओं को चिन्हित कर नोटिस तामिला कराते हुए प्रपत्र 7 के माध्यम से विलोपन की करवाई करने तथा वैसे मतदाता जो आधार देने से इंकार कर रहे हैं उनकी भी सूची कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।

## हत्या का आरोप : कानपुर में तीन की जान लेने वाले ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**– नशे में टक्कर से तीन की जान लेकर फरार हुआ ट्रक चालक**

सुनील बाजपेई
कानपुर। यहां नशे में टक्कर मार कर लोडर चालक समेत तीन लोगों की जान लेने वाले ट्रक चालक की तलाश में पुलिस छापे मार रही है। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि तीनों को जानबूझ कर मौत के घाट उतारा गया है



जिसकी सच्चाई जानने के लिए ही पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।
याद रहे कि कल शुक्रवार की सुबह हमीरपुर रोड में धरमपुर बंबा के पास रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे एक मकान के पिलर से टकरा गया था। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला था। घटना के समय शटरिंग का काम करने वाला पतारा हिरनी गांव निवासी नरेन्द्र और उसका भाई दोनों लोडर से कहीं जा रहे थे। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने दोनों मृत घोषि\\त कर दि या था।
जबकि इसी हादसे में तीसरे व्यक्ति की शिनाख्त मेहरवान सिंह पुरवा निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई थी। घटना स्थल से कुछ दूरी पर सड़क किनारे मनोज की सफेद रंग की स्कार्पियो खड़ी मिली थी। भटना में स्वजन जानबूझ कर हत्या किये जाने की भी आशंका जताई है जिसकी पुष्टि के लिए ही पुलिस फरार ट्रक चालक राजेश की तलाश कर रही है।

## 60 हजार का अवैध शराब जप्त

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 11दिसंबर )जिले में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी विभाग की टीम द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज ग्राम रोशना एवं तुमड़ीटोला में छापामार कार्यवाही कर 60 हजार 200 रुपये का महुआ लाहन जब्त किया गया है।



जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार उरांव ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आज 10 दिसंबर को आबकारी विभाग की टीम द्वारा आबकारी वृत बालाघाट के ग्राम रोशना मे वैनगंगा नदी एवँ ग्राम तुमडीटोला के जँगल मे अलग-अलग स्थानो से ड्रमों एवँ बोरियों में भरा हुआ लगभग 860 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गये हैं । जब्त महुआ लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जब्त सामग्री का बाजार मूल्य 60 हजार 200 रुपये है।

## यातायात नियमों का पालन करने अधिकारियों ने ली शपथ

**समाज जागरण संवाददता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।सड़क सुरक्षा के लिए बनाये गये यातायात नियमों का पालन करने अधिकारी-कर्मचारियों ने आज शपथ ली। जिला कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट एस.एस दुबे ने उन्हें शपथ दिलाई। उन्होंने यातायात नियमों का खुद एवं परिजनों से पालन करवाने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, एम्बुलैंस एवं फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ललिता भगत भी उपस्थित थीं। जिले की अन्य सरकारी कार्यालयों, स्कूल एवं कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा के लिए बनाये गये नियमों का पालन करने का संकल्प लिया गया।

## निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**15 दिसंबर को जारी होगी अधिसूचना, 05 जनवरी को होगा मतदान**

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 11दिसंबर )राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2022 उत्तरार्ध के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया हैं। जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के रिक्त स्थानों के निर्वाचन के लिए 15 दिसंबर को अधिसूचना जारी की जायेगी और मतदान 5 जनवरी को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतदान मत पत्र एवं मत पेटी के द्वारा तथा सरपंच, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सदस्य के लिये मतदान ईव्हीएम से होंगे। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी  शिवगोविंद मरकाम ने बताया कि जिले में 04 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं 181 पंच के रिक्त स्थानों पर निर्वाचन कराया जाना है। इसके लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 दिसम्बर है। नाम निर्देशन-पत्रों की जाँच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी होगा। मतदान 5 जनवरी को होगा। पंच पद के लिये मतगणना, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान-केन्द्र में ही होगी। सरपंच की मतगणना 9 जनवरी को सुबह 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से होगी। सरपंच के परिणाम 9 जनवरी को घोषित होंगे।

## निराश्रित विधवा महिला पेंशन योजना प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए आवश्यक सूचना।

ऑनलाइन पी.एफ.एम.एस. पर आधार नंबर लिंक करना अनिवार्य।
जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निराश्रित विधवा महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं की पेंशन धनराशि ऑनलाइन पी0 एफ0 एम0 एस0 के माध्यम से उनके बैंक खातों में सीधे प्रेषित की जाती है। उन्होंने बताया कि अब ऑनलाइन पी.एफ.एम.एस. पर आधार नंबर लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है। अतः निराश्रित विधवा महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिलाएं अपना आधार नंबर व मोबाइल नंबर अपने निकटतम जन सेवा केंद्र, साइबर कैफे में जाकर पी.एफ.एम.एस. पर अपना आधार नंबर अवश्य लिंक करा लें। उन्होंने बताया

## आयुष मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद कर जरूरत मंदो को किया कम्बल का वितरण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 11दिसंबर )मध्यप्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन राज्यमंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने परसवाड़ा के ग्राम बैगानगरी में सभा मंच निर्माण का लोकार्पण किया और गांव के जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, सभी जनपद सदस्य, सरपंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



मंत्री श्री कावरे ने बैगानगरी में सभामंच के लोकार्पण के साथ ही जमीन पर बैठकर ग्रामीण महिलाओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का शीघ्र हल निकाला जायेगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पेसा एक्ट के बारे में बताया कि उनकी ग्राम सभा को अब गांव की जमीन, जंगल, जल के बारे में निर्णय करने का अधिकार मिल गया है। वनोपज को बेचने का अधिकार अब ग्राम सभा को दिया गया है। गांव के सभी लोग जागरूक बनें और पेसा एक्ट में दिये गये अधिकारों का उपयोग कर अपनी ग्राम सभा को सशक्त बनायें और गांव को विकास के रास्ते पर अग्रसर करें।
मंत्री श्री कावरे ने ग्राम बैगानगरी में गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण करते हुए कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है, इस भावना के साथ उनके द्वारा हर वर्ष जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया जाता है। परसवाड़ा के बैगानगरी में कंबल का वितरण किया गया है। जो लोग कंबल आदि नहीं खरीद पाते हैं, वे ठंड से बचने के लिए आग जलाकर आग तापने का काम करते हैं। इससे कई बार दुर्घटना हो जाती है और लोगों की जलने से मृत्यु हो जाती है। गरीब लोगों के साथ ऐसी घटना न हो इसके लिए उनके द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है।

## ब्रेकथ्रू संस्था और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से शेरपुर में हुआ नुक्कड़ नाटक का मंचन

**पटौदी/सुरेश कोहली :**
खंड के गांव शेरपुर में से ब्रेकथ्रू संस्था व महिला एवम बाल विकास विभाग हरियाणा की तरफ से ग्रामीण बच्चों को बड़ी से आशा अभियान के तहत सरला और मुनिया उनकी सपनों की दुनिया नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। संस्था के सुशील ने जानकारी देते हुए बताया की बच्चों में अच्छे संस्कार,पढ़ाई के प्रति प्रेरित,खेल - खेल में शिक्षा आदि के माध्यम से उनको काफी हद तक आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया की हमारा अगला प्रोग्राम मंदपुरा में होगा। इस अवसर पर ग्राम के ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर समाज सेवा करने वाले समाज सेवी करण सिंह लखेरा ने भी अपनी बात रखते हुए कहा की संस्था का हमारे गांव पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने बधाई दी है।उन्होंने कहा की संस्था से आग्रह है की समय - समय इस तरह के नाटकों का आयोजन करते रहें। इस अवसर पर निर्देशक प्रवेश त्यागी,कलाकार कविता,सुरेंद्र, विसु गुप्ता,गुरजिंदर,नेहा,ज्योति,मीनू,दीपक कश्यप ब्रेकथ्रु संस्था की और से सुशील कुमार,सुनीता व महिला एवम बाल विकास विभाग से सुशीला,रोशनी, मन्नी आदि शामिल हुई।



## पूजा एक्सप्रेस में ट्रैन कि अनाधिकृत रूप से चैन खींच ट्रैन बाधित करने पर मुकदमा

पटौदी/संवाददाता : पूजा एक्सप्रेस में पटौदी रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में अज्ञात लोकल पैसेंजर यात्रियों द्वारा अनाधिकृत रूप से चैन खींचकर गाड़ी को बाधित किया गया है।जिसके कारण पीछे आ रही ट्रेने भी बाधित हुई है। जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल गुड़गांव द्वारा भी मुकदमा दर्ज किया गया है।दोषियों कि धरपकड़ जारी है।जिसमे जीआरपी पटौदी रोड की भी मदद ली जा रही है । दैनिक रेल यात्री संघ ( गुड़गांव से रेवाडी )द्वारा लगातार लोकल पैसेंजर को सूचित व सचेत किया जा रहा है कि अनाधिकृत रूप से ट्रैन कि अलार्म चैन खींचकर बाधित न करे, समय से प्लेटफार्म पर उपस्थित हो, ट्रैन से यात्रा हेतु मौजूदा गाड़ियों पर ही यात्रा सुनिश्चित करे । एक्सप्रेस गाड़ियों का जहां ठहराव नही है वहां अनावश्यक चैन खींचकर बाधित न करे ।

## महाराष्ट्र के बुलढाना में गरजे प्रकाश अंबेडकर,कहा इस सरकार में कोली समाज का भला नहीं हो सकता

**वंचित समाज की वर्षो से उपेक्षा : प्रकाश अंबेडकर**

बुलढाना/संवाददाता : आदिवासी कोली महादेव ,टोकरे कोली व मल्लार कोली का समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वंचित बहुजन आघाड़ी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.प्रकाश उर्फ एडवोकेट बालासाहेब अंबेडकर ने कहा की महाराष्ट्र सरकार द्वारा कोली समाज को सिर्फ झूंटा आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने कहा की इस सत्तासीन सरकार में भी कोली समाज का उद्धार नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा की चुनावों के समय समाज से लंबे चौड़े वादे किए जाते रहे है लेकिन धरातल पर आज भी कोली समाज के उपर अन्याय,अत्याचार होते आ रहे है। एडवोकेट बाला साहेब आंबेडकर ने समाज को संबोधित करते हुए कहा की मै आपके साथ हूं तुम्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा की महाराष्ट्र सरकार द्वारा कोली समाज की उपेक्षा होती रही है। उन्होंने कहा की महाराष्ट्र सरकार द्वारा कोली समाज का जाति प्रमाण पत्र भी समय पर न बन पाने की वजह से लाखों समाज के पढ़े लिखे बच्च भी सरकारी नौकरी पाने से वंचित रह जाते है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की वंचित समाज अब जाग चुका है। उन्होंने कहा की सरकार को जल्द से जल्द कोली समाज को निष्पक्ष तरीके से जाति प्रमाण पत्र दिए जाने चाहिए। वहीं कोली समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर आदिवासी वाल्मिक लव्य सेना के जिला अध्यक्ष मा. गणेश भाऊ इंगले, जलगांव जिला अध्यक्ष योगेश बाविस्कर,वंचित बहुजन आघाड़ी जिला अध्यक्ष मा.निलेश भाऊ जाधव,गंगाधर टायडे,विष्णु भाऊ जाधव,भागवत गवली,गोपाल लोने,मंगेश इंगले,विजय भामदे,भारत झालटे, अनंता झालटे,रेखा हिवाले सहित संकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानून की जानकारी देने नगर पंचायत में मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ का आगमन हुआ है..डाक्टर प्रेमचंद जायसी

**समाज जागरण संवाददता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और आत्मविश्वास बढाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ महतारी न्याय रथ यात्रा शुरू हुई है।10 दिसंबर शनिवार को न्याय रथ टेकारी होते नगर पंचायत मल्हार पहुंचा।
प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी, नगर अध्यक्ष अनिलकुमार कैवर्त, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व मल्हार न.प.एल्डरमैन अमित पान्डेय,पूर्व महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुकृता खुटे,जिला कांग्रेस सचिव बिंदु जायसी, मस्तुरी ब्लॉक उपाध्यक्ष अमृत राठौर,महिला विकास पर्यवेक्षक उषा श्रीवास,व कैलासी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।
मुख्यमंत्री रथ का स्वागत प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी द्वारा किया गया।न.पं.मल्हार कार्यक्रम स्थल में उपस्थित महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को संबोधित करते हुए महिला आयोग एवं उनके कानूनी अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।
पर्यवेक्षक उषा श्रीवास ने कहा कि यह रथ आपके पास पहुंच कर फिल्म,संदेश के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दे रही है।
वही पूर्व महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुकृता खुटे,मल्हार नगर अध्यक्ष अनिल कैर्वत व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित पान्डेय ने भी मुख्यमंत्री न्याय रथ के बारे में महिलाओं को उनके अधिकारों व कानून अधिकार के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया।
मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ का मंच संचालन पर्यवेक्षक कैलाशी यादव व ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी द्वारा किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी, पूर्व ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुकृता खुटे, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार कैर्वत,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित पान्डेय,जिला महिला सचिव बिंदु जायसी, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अमृत राठौर, विशंभर बादल खुटे,मीन कुमार, नीखिल जायसवाल, मल्हार पार्षदगण विष्णु कैर्वत, मोहन कैर्वत, बबलू भारद्वाज, वरिष्ठ कांग्रेसी मदनलाल वर्मा,सहित आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक उषा श्रीवास, कैलाशी यादव,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवकुमारी दुबे,पंकज लता ठाकुर,सीता कश्यप, सुरज कैवर्त, सरोजनी जास्कर, गौरी भार्गव, मितानिन कार्यकर्ता ललिता कैवर्त, मंगलीन कैवर्त,सहित आंबा.के हितग्राहियों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं व नगर के नागरिक महिलाएं उपस्थित रही।

## क्रियात्मक अनुसंधान बच्चों की उपस्थिति एवं कौशल विकास में सहायक: रामधन पटेल

**समाज जागरण संवाददता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। शाला में दर्ज बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं कौशल विकास के लिए क्रियात्मक अनुसंधान बच्चों की शैक्षिक समस्याओं का समाधान एवं उपचार के लिए महत्वपूर्ण है। क्रियात्मक अनुसंधान विद्यालय की स्थिति परिस्थिति क्षेत्र वातावरण के आधार पर प्रयोग किया जाता है, इसी कड़ी में प्राथमिक शाला रिस्दा विकासखंड मस्तूरी के नवाचारी शिक्षक रामधन पटेल द्वारा बच्चों की दक्षता विकास एवं अनुपस्थित बच्चों को शाला से जोड़ने, लगातार शाला आने हेतु नए-नए प्रयोग किया जा रहा है

पिछले सत्र 2021-22 में यह प्रयोग केवल कक्षा पहली के बच्चों पर प्रयोग किया गया था जिससे आशातीत परिणाम मिले,छात्रों की उपस्थित में बढ़ोत्तरी हुई। अच्छे परिणाम के कारण क्रियात्मक अनुसंधान को इस सत्र 2022-23 में पूरे विद्यालय कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के बच्चों एवं शिक्षकों पर यह प्रयोग किया जा रहा है,

इस प्रयोग के तहत महीने में ज्यादा उपस्थित बच्चों को उनके माता-पिता बुलाकर पुरस्कार देना मनपसंद खेल खेलना ,छोटी-छोटी उपलब्धि पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पेन पेंसिल चाकलेट आदि देना, ग्राम कोटवार द्वारा मुनादी, माताओं का सम्मेलन ,पालक संपर्क, महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा आदि से प्रेरित किया जा रहा है।



इसके साथ ही साथ शिक्षकों को भी अच्छी शिक्षा दीक्षा देने कक्षा अनुरूप दक्षता हासिल करने ,शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए शिक्षकों के सम्मान हेतु पुरस्कार रखा गया है, जिससे शिक्षक पढ़ने लिखने सीखने के लिए अच्छे वातावरण तैयार कर बच्चों की शाला की ओर आकर्षित कर सकें। इस कार्य के लिए नवाचारी प्रयोगकर्ता शिक्षक रामधन पटेल एवं शिक्षक विश्वकांत सिंह ,चंद्र कुमार खांडे तथा अन्य शिक्षक साथीगण ,डेटा एवं तथ्य लिखित मौखिक संकलन करने में साथ दे रहे हैं,प्रधान पाठक श्रीमती वृन्दावासी राज एवम शैक्षिक समन्वयक सुचित्र सिंह ने इस कार्य के लिये सराहना की है।

क्रियात्मक अनुसंधान का प्रयोग व्यापक स्तर पर किया जा रहा है जिसमें एस.एम.सी. के सदस्य, पालक, गांव के जनप्रतिनिधि ग्रामीणों का सहयोग लिया जा रहा है, शिक्षक रामधन पटेल द्वारा इस तरह से बिना खर्च या कम खर्च पर अनेक नवाचार प्रयोग विधि प्रविधि का उपयोग लगातार किया जाता रहा है इसका लाभ बच्चे को मिल रहा है,इस प्रयोग से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का नही मिल रहा लाभ,बीपीएल पात्रों में पनपा रोष

पटौदी/सुरेश कोहली : यूं तो भाजपा सरकार काफी लंबे चौड़े वादे करती है लेकिन धरातल पर देखा जाए तो गरीबों के लिए बनाई गई कई केंद्रीय योजनाएं सिरे चढ़ने से पहले ही दम तोड देती है। उनमें से एक है प्रधानमंत्री आवास योजना। जी हैं ! मामला पटौदी खंड के गांव पंचायत शेरपुर का है। जानकारी के अनुसार कविता देवी पत्नी करण सिंह, भगवती पत्नी मदनलाल,संतोष पत्नी जगराम,बाला पत्नी अजय पाल आदि ऐसे बीपीएल पात्र है जिनको अभी तक सरकार की तरफ से मकान बनाने के लिए कोई भी राशि नही मिली है। पीड़ित परिवार कविता पत्नी करण सिंह ने बताया की सरकार से उन्हें अभी तक कोई भी राशि मकान निर्माण हेतु जारी नही की गई है जिसको लेकर परिवार काफी परेशान नजर आ रहा है। करण सिंह ने बताया की समस्या को लेकर वे एक दो बार पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता से भी मिल चुके है। उन्होंने बताया की सिर्फ आश्वासन



के शिवाय कुछ नही मिलता। जोकि समस्या आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। लेकिन समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया की कुछ दिनों पहले मैं पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार से भी मिलकर समस्या की गुहार लगा चुका हूं।एसडीएम पटौदी प्रदीप कुमार ने खंड विकास एवम पंचायत अधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि मामले को लेकर समाधान बारे कहा है। करण सिंह ने बताया की वे समस्या को लेकर बीडीपीओ कार्यालय के ग्राम सचिव से भी मिल चुके है। उनका कहना है की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत धनराशि केंद्र सरकार जारी करती है। इस संबंध में हमने अपने कार्यालय से उक्त बीपीएल पात्रों के नाम आगे भेजे हुए है। बीडीपीओ कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री आवास निर्माण की राशि सीधे बीपीएल पात्रों के बैंक खाते में चली जाती है। पीड़ित करण सिंह ने मीडिया में अपना दुखड़ा रोते हुए कहा की 4 वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन अभी तक सरकार ने मकान निर्माण की पहली किस्त भी नही जारी की है। समस्या को लेकर वे काफी परेशान है।इस बारे में केंद्र सरकार जल्द से जल्द मकान निर्माण की राशि भेजी जाए। ताकि समय से सभी बीपीएल पात्र अपना मकान बना सकें।

## पुलिस कमिश्नरेट के अन्तर्गत 4 तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी 6 नये थाने खुलेगे

**पुलिस कमिश्नरेट आगरा में बमरौली कटारा, ट्रांस यमुना**
**तथा किरावली होगे नयें पुलिस थानें**
**पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के तहत बिल्हौर क्षेत्र मे अरौल होगा नया थाना**
**खीरी में पुलिस चौकी शारदानगर को थाना शा-रदानगर तथा**
**रिर्पोटिंग पुलिस चौकी खमरिया को थाना खमरिया बनाया गया**
**जनपद गाजीपुर में रामपुर मॉझा, महाराजगंज में भिटौली, श्रावस्ती में हरदत्तनगर गिरण्ट व पीलीभीत में करैली बने नये थाने  पूर्व में नवसृजित हुए थाने रहीमाबाद, क्रासिक रिपब्लिक, वेब सिटी, एयरपोर्ट प्रयागराज, राधानगर में प्रत्येक थाने हेतु 35-35 नये पदो को दी गई मंजूरी**

**पूर्व नवसृजित पुलिस चौकी बरौली, भरतरी, बरौली, अमरौली, बीरमपुर, भैमती, देवरहा बाबा आश्रम, महमदपुर पैकवली, पचरासी व गोरारी प्रत्येक हेतु भी 17-17 पद सृजित**

लखनऊः 10 दिसम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर नये थानो की स्थापना के साथ-साथ बड़ी पुलिस चौकियों का उच्चीकरण कर उन्हे थाने के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। है। साथ ही साथ पूर्व में सृजित थाने व चौकियो के संचालन हेतु नये पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है।

पुलिस कमिश्नरेट आगरा के अन्तर्गत तीन तथा पुलिस कमिश्नरेट कानपुर के अन्तर्गत एक एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी 6 नये थानों की स्थापना के साथ कुल 10 नये थानों की स्थापना को आज शासन द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त करने तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देश पर उक्त कार्यवाही की गई है।

प्रमुख सचिव गृह श्री संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट आगरा के अन्तर्गत तीन व पुलिस कमिश्नरेट कानपुर के अन्तर्गत एक नवीन थानें की स्थापना की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत आगरा में थाना डौकी के अन्तर्गत नवीन थाना बमरौली कटारा, थाना एतमाद्दौला के अन्तर्गत नवीन थाना ट्रांस यमुना तथा थाना अचनेरा के अन्तर्गत पुलिस चौकी किरावली को उच्चीकृत कर नवीन थाना किरावली की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना बिल्हौर के अन्तर्गत नवीन थाना अरौल खोले जाने की मंजूरी भी दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में 20 और नये थानें खोले जाने की कार्यवाली भी प्रचलित है।

जनपद खीरी के थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी शारदानगर को उच्चीकृत कर थाना शारदानगर तथा जनपद खीरी के ईशानगर के अन्तर्गत रिर्पोटिंग पुलिस चौकी खमरिया को उच्चीकृत कर नवीन थाना खमरिया की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है।

जनपद गाजीपुर के थाना करण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नारी पचदेवरा में नवीन थाना रामपुर मॉझा, जनपद महाराजगंज के थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नवीन थाना भिटौली एवं जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर क्षेत्रान्तर्गत थाना हरदत्तनगर गिरण्ट व जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर के अन्तर्गत पुलिस चौकी करेली को उच्चीकृत कर नवीन मार्डन पुलिस थाना करैली की स्थापना को शासन द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।

प्रमुख सचिव गृह नें बताया कि इसके अलावा शासन के निर्णय के परिपेक्ष्य में पूर्व से सृजित हुए नये थानों में विभिन्न संवर्ग के 35-35 पदों तथा पूर्व में सृजित हुई प्रत्येक नई पुलिस चौकी में लिए 17-17 पदों की भी मंजूरी विभिन्न संवर्ग के पुलिस कर्मियों की प्रदान की गई है।

इसके तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दो नवीन थानों क्रासिक रिपब्लिक व वेब सिटी, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना धूमनगंज अन्तर्गत नवीन पुलिस थाना एयरपोर्ट के शासन के निर्णय के परिपेक्ष्य में प्रत्येक थाने पर विभिन्न श्रेणी के 35-35 पदों की मंजूरी भी प्रदान की गई है। जनपद फतेहपुर के थाना कोतवाली नगर के अन्तर्गत पुलिस चौकी राधानगर को उच्चीकृत कर नवीन थाना राधानगर बनाये जाने के शासन के निर्णय के परिपेक्ष्य में विभिन्न संवर्ग के कुल 35 पदों का सृजन किया गया है। इसके अलावा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के थाना मलिहाबाद के ग्राम रहीमाबाद में स्थापित चौकी रहीमाबाद को उच्चीकृत कर नवीन पुलिस थाना रहीमाबाद बनाये जाने, जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज अन्तर्गत रिर्पोटिंग पुलिस चौकी इन्हौना को उच्चीकृत कर नवीन पुलिस थाना इन्हौना हेतु 34-34 पदों का सृजन किया गया है।

साथ ही जनपद मथुरा के थाना बलदेव के अन्तर्गत स्थापित पुलिस चौकी बरौली, जनपद अलीगढ़ की 5 पुलिस चौकियों भरतरी, बरौली, अमरौली, बीरमपुर, भैमती, जनपद देवरिया में पुलिस चौकी देवरहा बाबा आश्रम, जनपद अमेठी के ग्राम महमदपुर मे पुलिस चौकी महमदपुर तथा जनपद गाजीपुर की 3 पुलिस चौकियों पैकवली, पचरासी व गोरारी के लिये प्रत्येक नई पुलिस चौकी के लिए 17-17 पदों की भी मंजूरी विभिन्न संवर्ग के पुलिस कर्मियों की प्रदान की गई है।

## पीएम आवास योजना की राशि लेकर घर नहीं बनाने वालों पर होगी प्राथमिकी

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों के गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लाभुकों द्वारा अब तक अपना घर नहीं बनाया गया है। उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। वैसे लोगों को चिन्हित किया गया है। जिनके ऊपर प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। मामले में बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि वर्ष 2017 से लेकर 2020 तक रुपए लेकर प्रधानमंत्री आवास पूर्ण निर्माण नही करनें पर खजुरी पंचायत के मिथिला देवी पति बासगीत महतो, रामावती देवी पति छठू महंतों,जगलाल महतो पिता मोहन महंतों, संत कुमारी देवी पति बासदेव महतो, बच्ची देवी पति योगेन्द्र राय कवलपुरा पंचायत के मनन राम पिता बाबूलाल राम, लीलावती देवी पति सुरेश राय, उमरावती देवी पति नागेन्द्र राय,हिरामुनी देवी पति भोला ठाकुर, रूपझरी देवी पति कैलाश राय, काती देवी पति साहेब सिंह, राम भगवान सिंह पिता शिवनंदन सिंह, चिंता देवी पति कृष्णा महतो और बंगरा पंचायत के पुनम देवी पति जितेन्द्र राम, बच्ची देवी पति विरेन्द्र सिंह, राहुल कुमार सिंह पिता दिलीप कुमार सिंह, ललिता देवी ऊ रामजीत सिंह, विरेन्द्र साह पिता मगरु साह, मो मोहम्मद नईमूदीन साई पिता मोहम्मद शमसुद्दीन साईं पर प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वही सभी पर नीलाम पत्र वाद दायर कर भुगतान की राशि वसूली जाएंगी।

## जल जीवन हरियाली के तहत पोखरा एवं भिंडा होगा अतिक्रमण मुक्त

### सीओ ने एसडीओ मढ़ौरा को पुलिस बल एवं दंडाधिकारी के लिए लिखा पत्र

**दैनिक समाज जागरण** मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड के सिसई बड़ा पोखरा, जजौली मठिया भिंडा एवं चैनपुर पुल के पश्चिम अवस्थित भिंडा को जल जीवन हरियाली के तहत अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। मशरक सीओ रविशंकर पांडेय ने इन जगह को माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पटना बिहार के सी डब्ल्यू जे सी 2021 पुनीत कुमार बनाम बिहार सरकार के निर्णय के आलोक में मुक्त कराने के लिए मढ़ौरा एसडीओ को पत्र लिखकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस ,लाठी पार्टी ,दंगा निरोधक दस्ता एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का आग्रह किया है,ताकि किसी भी स्थिति से निबटते हुए न्यायालय के आदेश का पालन किया जा सके। जिससे जजौली मठिया भिंडा एवं चैनपुर पुल के पश्चिम भिंडा को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 13 दिसंबर 2022 तो वही सिसई बड़ा पोखरा को 20 दिसंबर 2022 को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके। प्रशासन के सख्त निर्देश से अतिक्रमण कारियों में हडकम्प मच गया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के तरैया-पानापुर एसएच-104 मुख्य सड़क पर पोखरेड़ा-बगही गांव के समीप गत दिनों सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवकों की मौत मामले में एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में मृतक के पिता व पानापुर थाना क्षेत्र के दुबौली गांव निवासी नागेंद्र राय द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि गत 29 नवंबर को उनका 24 वर्षीय पुत्र अमित कुमार एवं 16 वर्षीय पुत्र रवीश कुमार दोनों अपने बाइक से तरैया बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पोखरेड़ा टावर के समीप सामने से तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते आ रहे एक बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों ने उनके लड़के के बाइक में धक्का मार दिया। जिससे उनके दोनों लड़के जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा जख्मी हालत में उनलोगों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को पटना रेफर कर दिया। पटना एम्स के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान अगले दिन सुबह में उनके पुत्र अमित कुमार की मौत हो गई। मृतक के पिता ने बाइक चालक पर तेजी व लापरवाही से बाइक चलाने से अपने पुत्र की मौत का आरोप लगाया है। बता दें कि इस घटना में दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी। जिसमें मौके पर ही बगही गांव निवासी राजकिशोर यादव के 27 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार की मौत हो गई थी, जबकि 50 वर्षीय उसकी मां शोभा देवी गंभीर रूप से घायल थी। जिसका पटना में इलाज चल रहा है। वही अमित और उसके भाई रविश कुमार भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जो कि अगले दिन पटना में इलाज के दौरान अमित की भी मौत हो गई थी। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## चोरी की 13 बाईकें बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

बिसवां (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अपराधियो की धरपकड़ व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में बिसवां पुलिस टीम द्वारा 13 चोरी मोटरसाइकिल व दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित ने बताया कि बिसवां कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की गई 13 मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्त हिमांशु उर्फ निम्बूलाल



निवासी ग्राम कौवा खेड़ा थाना बिसवां व विनोद कुमार उर्फ कालिया निवासी ग्राम भगौती पुर मजरा कौवा खेड़ा थाना कोतवाली बिसवां को उनके घर से दबिश के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने चोरी की गई मोटरसाइकिल मे संलिप्त होना स्वीकार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली बिसवां, सीतापुर, बाराबंकी में चोरी की वारदातों का अभियोग दर्ज है। इस सफलता में निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा, कस्बा इंचार्ज कृष्ण कुमार, हेड कांस्टेबल राम प्रताप,हेड कॉन्स्टेबल दीपक वर्मा,हेड कॉन्स्टेबल राम तीरथ यादव, कान्सटेबल पीयूष सिंह, विनय चौधरी, गौरव परिहार का योगदान रहा।

## कायस्थ महासभा नें दिया रामपुर विधानसभा के निर्वाचित भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को बधाई

बिहारीगंज । वर्मा पैलेस बिहारीगंज में कायस्थ महासभा की बैठक में रामपुर विधानसभा के निर्वाचित भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को बधाई दी गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भोला पासवान शास्त्री कॉलेज बभनगामा के रिटायर्ड प्रिंसिपल प्रो. अखिलेश कुमार नें की और मंच संचालन प्रेमभूषण सिन्हा नें किया ।महासभा नें कहा कि आजम खान की परंपरागत सीट उत्तर प्रदेश कए रामपुर विधानसभा में हुए



उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री आकाश सक्सेना द्वारा प्रचंड बहुमत हासिल कर जीत दर्ज करने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।आजादी के बाद से अब तक इस विधानसभा से हमेशा मुसलमान वर्ग ने जीत हासिल की है आज पहली बार भाजपा के प्रत्याशी श्री आकाश सक्सेना ने 34 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की है ।आजादी के बाद रामपुर में प्रथम हिन्दू(कायस्थ) विधायक बने श्री आकाश सक्सेना को पुनः बधाई एवं शुभकामनाएं।

## नगर परिषद अररिया के चेयरमैन प्रत्याशी घूम घूम कर कर रहे हैं जनसम्पर्क अभियान,बांट रहे हैं घोषणा पत्र

अररिया । नगर परिषद अररिया के चेयरमैन सीट से चुनाव लड़ रहे युवा समाजसेवी आलोक भगत उर्फ बमशंकर भगत अपने समर्थकों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में घूमकर मिलते हुए लगातार लोगों से जनसंपर्क अभियान जारी किये हुए है ।अपना घोषणा पत्र भी मतदाताओं को दे रहे हैं । श्री बमशंकर भगत नें कहा कि नगर परिषद के क्षेत्र में सूबे




में इस अररिया को अब्ब्ल लाना हमारी प्रतिबद्धता है ।हम इमानदारी पूर्वक विकास करने का काम करेंगे। बिना किसी से भेदभाव के नगर परिषद वासियों के साथ साथ सभी लोगों का मान सम्मान देने का काम किया है जो नगर की महान जनता के साथ-साथ सभी लोगों को भी पता है ।वो कार्य कोरोना काल का हो या आपदा काल का वो तो करते रहेंगे।

## सुदूरवर्ती पंचायत पथरिया के हुलहुली में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत ठाकुरगंज के पथरिया पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव हुलहूली में विशेष शिविर आयोजित हुई। शिविर में विभिन्न विभाग के योजनाओं का स्टॉल लगाया गया।स्टॉल में संबंधित सभी पदाधिकारी,कर्मी उपस्थित रहे। किशनगंज जिला का सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल हुलहुली गांव में हजारो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।अभूतपूर्व व अप्रत्याशित ग्रामीणों की उपस्थिति विशेष शिविर के आयोजन की सफलता को दर्शा रही थी। वास्तविकता में पूरा समाहरणालय किशनगंज हुलहुली ग्राम में कार्यरत रहा। जिलाधिकारी समेत जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी हुलहुली की जनता के दरबार में उपस्थित होकर राज्य /केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं का लाभ उनतक पहुंचाने के लिए तत्पर रहे। शिविर में स्टॉल के माध्यम से राजस्व,जीविका,विशेष सर्वेक्षण, बंदोबस्त,पशुपालन,श्रम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण,सामाजिक सुरक्षा,बाल संरक्षण,अल्पसंख्यक कल्याण,ग्रामीण विकास,मनरेगा,लोहिया स्वच्छ बिहार,आपूर्ति,स्वास्थ्य,पीएचईडी,समेकित बाल विकास परियोजना,विद्युत,मत्स्य,उद्योग,अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण,बैंक,स्थानीय एनजीओ के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभुको के आवेदन



लिए गए।डीएम श्रीकांत शास्त्री के द्वारा जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। ऑन स्पॉट समस्या का समाधान किया गया। उल्लेखनीय है कि विशेष शिविर में प्राप्त हुए अधिकतर आवेदन में भूमि विवाद और अतिक्रमण के मामले सबसे अधिक पाए गए।साथ ही नल जल योजना,स्वास्थ्य,पेंशन,राशन कार्ड से संबधित शिकायतें भी प्राप्त हुए।

## नगर पंचायत चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों को दी गई जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है मशरक प्रखंड कार्यालय के मनरेगा सभागार में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, पार्षद पद के लगभग सभी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। मौके पर बीडीओ मो आसिफ और प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। सभी को चुनाव संबंधित गठित कोषांग के कर्मियों द्वारा बताया गया



कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक मशरक में नगर पंचायत का चुनाव दूसरे चरण में 28 दिसम्बर को होना है और मतगणना 30 दिसम्बर को होना है। सभी आदर्श आचार संहिता का सही पालन करेंगे। बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि नगर पंचायत चुनाव के निर्देश पर अभ्यर्थियों की बैठक बुलाकर सभी को चुनाव संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई साथ ही चुनाव के गाइड लाइन की भी सभी को जानकारी दी गई।

## गोली मारकर हत्या मामले में मृत युवक की हुई पहचान, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण** मांझी (सारण)। शुक्रवार को मांझी-कोपा मार्ग पर माड़ीपुर खुर्द गांव के समीप हुई हत्या के 24 घंटा के बाद मृतक की पहचान कर ली गई है। मृतक के परिजन शनिवार को माझी थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। मृतक की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के गंज पर निवासी ललन साह का पुत्र धर्मेंद्र साह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मछली व्यवसाय का काम करता था। जो प्रतिदिन माझी से मछली लेकर जाता और बनियापुर में बेचा करता था। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी अहले सुबह माझी के लिए बाइक से निकला था। जिसकी अपराधियों ने माझी थाना क्षेत्र के माड़ीपुर एवं नटवर के बीच हत्या कर बाइक और मोबाइल लूट लिए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से परिजनों को जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई शनिवार को माझी थाना पहुंचकर परिजनों ने शव की शिनाख्त की और प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया एवं अगली कार्रवाई में जुट गई। आपको बता दें कि मृतक को तीन मासूम बच्चियां हैं जिनके परवरिश की चिंता परिजनों को खाए जा रही है।

## त्रिदेव मंदिर में अष्टयाम समापन के बाद राम विवाह की हुई प्रस्तुति

### दिलीप गिरी व्यास ने दर्शकों को रातभर झूमने को किया विवश

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। प्रखंड के नंदनपुर बाजार स्थित त्रिदेव मंदिर परिसर में आयोजित सार्वजनिक अखंड अष्टयाम के समापन के बाद शुक्रवार की रात्रि राम विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोपालगंज जिले के सिधवलिया निवासी व चर्चित व्यास दिलीप गिरी ने अपने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह व सचिव श्रीकृष्ण सिंह ने कलाकारों व अन्य गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र



देकर सम्मानित किया तथा लोगों का आभार व्यक्त किया। बता दें त्रिदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आठ दिसम्बर को 24 घंटे का सार्वजनिक अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को अष्टयाम समाप्ति के उपरांत रात्रि में राम विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, सचिव श्रीकृष्ण सिंह, आलोक कुमार सिंह अमीन, शिक्षक नवल किशोर राय, मुकुंद ठाकुर, परमा सिंह, मंदिर के पुजारी गोपाल दास जी महाराज, सुमन पाठक, सबी साह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संगीतमय श्रीराम कथा सह हनुमज्जयंती को लेकर बुद्धिजीवियों ने की बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। संगीतमय श्रीराम कथा एवं हनुमज्जयंती समारोह को लेकर समिति के सदस्यों व बुद्धिजीवियों द्वारा शुक्रवार की रात्रि समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की गई और आगे यज्ञ के सफल संचालन एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बता दें तरैया के भटगाई दक्षिण टोला में 12 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक संगीतमय श्रीराम कथा सह हनुमज्जयन्ती का आयोजन किया



गया है। इसकी तैयारी को ले सभी समिति के सदस्य दिन-रात एक किए हुए हैं। बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। मौके पर भाजपा नेता शेखर सिंह, अरुण सिंह, पंच सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, संजीव कुमार चौबे 'शिक्षक', हर्ष नारायण सिंह 'रमन' पत्रकार, डॉ दिलीप कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह शिक्षक, अभिषेक कुमार, हिमांशु शेखर, कमलेश तिवारी, राकेश कुमार सिंह, विनय सिंह, मोहम्मद परवेज आलम, साबिर हुसैन, मुस्तफा कमाल, कृष्णा सिंह, सुबोध सिंह आदि उपस्थित थे।

## बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ का धरना कार्यक्रम कल से-डॉ सतीश

**12 दिसंबर से 17 दिसंबर तक गर्दनीबाग ,पटना धरना स्थल पर तैयारी अन्तिम चरण पर- डॉ. ललित किशोर**

पटना । बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के संयोजक डॉ. सतीश कुमार दास की अगुआई में धरना का आयोजन एक ही बैनर बि.रा.वि.अ.स.प्रा.संघ पटना के तले होगा ।अपनी मांग को लेकर 12 दिसंबर से 17 दिसंबर तक गर्दनीबाग ,पटना धरना स्थल पर चलने वाला इस चरणबद्ध आन्दोलन की रूप रेखा जहां तैयार कर ली गई है वहीं धरना स्थल पर सामियाना आदि लगाने की तैयारी अन्तिम चरण पर है ।संघ के प्रदेश संयोजक सह भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ.सतीश कुमार दास,संयोजक मंडल के सदस्य सह बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष डॉ. ललित किशोर कार्यक्रम की तैयारी को अमलीजामा देने में लगे हुए हैं ।डॉ.दास नें बताया कि धरना पर बैठने के लिये विभिन्न विश्वविद्यालयों के अतिथि सहायक प्राध्यापकों के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित की गई है ।12/12/'22 -- बी.आर.ए.बी.यू मुजफ्फरपुर एवं पटना विश्वविद्यालय पहले दिन धरना पर बैठेंगे तो

13/12/'22 "बी.आर.ए.बी.यू मुजफ्फरपुर एवं पटना विश्वविद्यालय दुसरे दिन भी यहाँ उपस्थित रहेंगे । 14/12/'22 एवं15/12/'22 को एल.एन.एम.यू.दरभंगा एवं के.एस.डी.एस.यू के प्राध्यापक इसमें शिरकत करेंगे 16/12/'22 -टी.एम.बी.यू. भागलपुर एवं बी.एन.एम.यू.मधेपुरा की टीम धरना स्थल पर रहेगी ।17/12/'22 जे.पी.यू.एवं वी.के.एस.यू.धरना का नेतृत्व करेगा ।डॉ दास नें बताया कि पुर्णिया विश्वविद्यालय और




पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय के साथीगण सुविधानुसार विभिन्न तिथियों में धरना में भाग ले सकेंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के संयोजक मंडल ने सर्वसम्मति से दिनांक 12/12/2022 से दिनांक 17/12/2022 तक दिन के 10 बजे से 4 बजे संध्या गर्दनीबाग ,पटना में अपनी मांग की पूर्ति हेतु धरना आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसमें राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत साथीगण शामिल होंगे। धरना को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए सक्रिय साथियों की एक उप समिति बनाई गई है ।

धरना का आयोजन एक ही बैनर बि.रा.वि.अ.स.प्रा.संघ के तले होगा जिसमें सभी विश्वविद्यालय शामिल होंगे ।धरना धारदार होगा ।विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी है ।

## जिलाधिकारी किशनगंज श्रीकांत शास्त्री ने अतंराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के तहत आयोजित जागरूकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज अंतराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा (25 नवम्बर से 10 दिसम्बर) के दौरान जिला प्रशासन,किशनगंज के द्वारा महिलाओं के प्रति हिंसा के उन्मुलन के लिए आमजनों में जागरूकता के उद्देश्य से महिलाओं के द्वारा जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी, किशनगंज, श्रीकांत शास्त्री के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ में महिला हिंसा उन्मूलन जागरूकता हेतु एक रथ को भी शामिल किया गया, जो हरी झंडी दिखाने के उपरांत समाहरणालय से निकलकर किशनगंज शहरी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जागरूकता का कार्य किया गया उक्त अवसर पर डीएम द्वारा बताया गया कि महिला एवं बाल विकास निगम के निदेश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के तहत पूरे जिले में कई कार्यक्रम कराये गये, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि महिलायें एवं लड़कियाँ सुरक्षित रहें। इसके लिए जिला प्रशासन लगातार तत्पर हैं और प्रयासरत है विदित हो कि जिला में दिनांक 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा



उन्मूलन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डीएम के द्वारा इस हेतु सभी संबंधित विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिसके आलोक में लगातार विभिन्न गतिविधियाँ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए है। जागरूकता दौड़ वापस समाहरणालय लौटने पर पखवाड़ा के समापन समारोह में जिलाधिकारी द्वारा लगातार इस विषय पर कार्य किये जाने तथा दोषियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी चिहिन्त कर किये जाने की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा तथा अन्य लैंगिक हिंसा के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया है।

डीएम शास्त्री द्वारा बताया गया कि महिलाओं की सुरक्षा और अन्य कुरीतियों से संबंधित विभिन्न कानून बनायें गयें हैं, जिसका पूर्ण लाभ उन्हें मिलें इस हेतु जागरूकता कराया जाना आवश्यक हैं ।डीएम द्वारा परियोजना प्रबंधक शशि शर्मा एवं रोशनी परवीन, प्रखंड समन्वयक सेव द चिल्ड्रेन को पुष्पगुच्छ देकर प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रंजीत कुमार साहू अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी सुबोध कुमार महिला हेल्पलाइन परियोजना प्रबंधक शशि शर्मा जिला परियोजना सहायक सुशील कुमार झा जिला समन्वयक एन०एन०एम० महिला पर्यवेक्षिका वन स्टॉप की केन्द्र प्रशासिका परामर्शी और आईसीडीएस की सेविका सहायिका उपस्थित थे।

## घटना और दुर्घटना में तीन महिला समेत नौ लोग घायल, तीन छपरा रेफर

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर घटना और दुर्घटना में तीन महिला समेत नौ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनमें तीन व्यक्तियों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर हुए सड़क दुर्घटना में अमनौर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रमेश कुमार एवं सरेया रत्नाकार के यदुनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं डुमरी छपिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में तीन महिला समेत छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में डुमरी छपिया निवासी तेतरवती देवी, मुन्ना कुमार, परमात्मा सिंह, काजल कुमारी, अंकित कुमार, एवं बबीता देवी शामिल है। वही सिरमी गांव निवासी लालू महतो को आपसी विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया गया है। घायल सभी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लालू महतो, तेतरवती देवी, और यदुनाथ सिंह को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों ने स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## नशे की हालत में हंगामा कर रहा नशेड़ी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के गंडार गांव में नशे की हालत में सड़क किनारे हल्ला-हंगामा कर रहे एक नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने बताया कि आरोपी मसरख थाना क्षेत्र के गोपालबाड़ी गांव निवासी बिहारी राय का पुत्र कृष्णा राय है, जो कि गंडार गांव में सड़क किनारे हल्ला हंगामा कर रहा था। जिस कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर जब उसे गिरफ्तार कर ब्रेथ एनेलाइजर मशीन से उसकी जांच की गई तो उसके अंदर शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जुमार्ने के लिए छपरा कोर्ट भेज दिया गया।

## एकमा पुलिस अंचल के नये निरीक्षक बने बीपी आलोक

**दैनिक समाज जागरण** एकमा (सारण)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के आदेश पर एकमा पुलिस अंचल के पुलिस निरीक्षक के पद पर बीपी आलोक ने शुक्रवार को योगदान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर जनता की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस-पब्लिक संवाद गोष्ठी के माध्यम से आम जनता में मित्र पुलिस की छवि



कायम होती है। जन सहयोग से अपराध पर नियंत्रण में मदद मिलती है।

## 12 लीटर देशी शराब बरामद, तीन धंधेबाज समेत पांच गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण** एकमा (सारण)। एकमा व रसूलपुर थाने की पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर 12 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने इस दौरान तीन धंधेबाज समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि एकमा पुलिस ने जामनी अमनौर व विशुनपुरा कला गांवों में छापेमारी कर 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने इस दौरान जामनी अमनौर गांव के फूलमती देवी व विशुनपुरा कला गांव के धीरज कुमार सिंह के अलावा दो पियक्कड़ों विन्दालाल रामपुर गांव के रमेश महतो व नागेन्द्र महतो को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर रसूलपुर थाने की पुलिस ने रसूलपुर बाजार से दो लीटर अवैध देशी शराब के साथ धंधेबाज संतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार पांचों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

## 10 लीटर अवैध शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**दैनिक समाज जागरण** मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के मशरक पूरब टोला गाँव मे थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 10 लीटर अवैध शराब बरामद किया।मामले में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि पूरब टोला गाँव निवासी बसन्त डोम पिता स्व गणेश डोम देशी शराब बनाता और बेचता है।पुलिस गस्ती दल के जमादार प्रमोद कुमार की अगुआई में पूरब टोला गाँव मे छापेमारी की गई जिसमें दस लीटर देशी शराब बरामद कर मशरक थाना कांड संख्या 569/22 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल कर रही है।वही फरार शराब धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## भूमि विवादों के निपटारे हेतु जनता दरबार आयोजित

**दैनिक समाज जागरण** मशरक (सारण)। बिहार सरकार के आदेशानुसार जमीनी विवाद के निष्पादन को लेकर जिलाधिकारी सारण के निर्देश पर मशरक थाने में शनिवार को अंचल निरीक्षक महेंद्र राम व थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। जिसमें पहुंचे फरियादियों ने अपनी अपनी फरियाद को रखा।



मामले में अंचल निरीक्षक महेंद्र राम ने बताया कि जनता दरबार में पहले से 4 मामला लंबित था जिस पर सुनवाई करते हुए 2 का निष्पादन कर दिया गया वही 2 नया मामला सामने दर्ज कराया गया जिस पर विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत करने के लिए आदेश जारी किया गया।

## पांच देशी लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के गवन्द्री गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पांच लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसआइ अगस्त कुमार सिंह ने एक प्राथमिकी दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि सूचना मिली कि गवन्द्री गांव निवासी वकील महतो अपने घर में शराब रखकर बिक्री कर रहा था। जब पुलिस बल के साथ छापेमारी किया गया तो वकील महतो भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। वकील महतो काफी मात्रा में शराब भी पीए हुए था। वहीं उसके घर के अंदर से एक प्लास्टिक के गैलन में पांच लीटर देशी शराब भी बरामद किया गया। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई करते हुए गिरफ्तार धंधेबाज को शनिवार को छपरा जेल भेज दिया है।

## बारात में आये व्यक्ति की बाइक चोरी

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में बारात आये एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति मसरख थाना क्षेत्र के बहरौली कोठी निवासी संदीप कुमार शर्मा ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि वह तरैया थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में बारात आये हुए थे।अपनी पैशन प्रो बाइक आनंदी शर्मा के दरवाजे पर खड़ी कर खाना खाने चला गए, वापस लौटा तो बाइक नहीं थी। अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी कर लिया गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

## ईशान किशन नें लगाया दोहरा शतक,पनोरमा परिवार नें दिया बधाई

### बिहार का नाम किया है पूरी दुनिया में रौशन,शुभकामनाएं

छातापुर । पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा नें बिहार के सपूत भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन बांग्लादेश के खिलाफ शानदार दोहरा शतक लगाकर देश और बिहार का नाम पूरी दुनिया में रौशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पनोरमा परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनायें।



# नाला विधानसभा क्षेत्र के खाताधारकों की सुविधा के लिए स्टेट बैंक के ब्रांच के बगल में ही एटीएम की स्थापना की

**गौतम ठाकुर दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो**

जामताड़ा
नाला विधानसभा क्षेत्र के खाताधारकों की सुविधा के लिए स्टेट बैंक के ब्रांच के बगल में ही एटीएम की स्थापना की थी। लोगों की जरूरतें पूरी होती रहती थी।शं विगत 3 महीने से एटीएम का शटर आये दिन बंद रहते है। जो कभी कल ठीक से चलते हैं पर महिने में 10 दिन किसी तरह से चलते हैं जो आये दिन सुनने को मिलती हैं कि कभी लिंक फेल तो कसी दिन रूपए नहीं है` किसी को रकम की छोटी छोटी जरूरत के लिए खाताधारकों को बैंक में जाने मजबूर होना पड़ता है। नाला ब्लाक का सबसे बड़ा पंचायत नाला है , जहां पर के आसपास के पंचायतों के ग्रामीणों का खाता है। अधिकांश ने एटीएम कार्ड




ले रखे हैं, परन्तु एटीएम बंद होने से उन्हें उसका लाभ नहीं मिल रहा है। असमय राशि की जरूरत पड़ने पर उन्हें या तो पश्चिम बंगाल जाना पड़ता है , नाला विधानसभा। क्षेत्र के खाताधारकों ने बैंक प्रबंधन से एटीएम की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। पर बैंक के प्रबंधन से फोन पर बात करने पर उन्होंने कहा कि एटीएम खाराफ है गुना धर मंडल ने कहा कि आये दिन नाला विधानसभा क्षेत्र का एसबीआई का एटिएम खाराव। रहता है। जो महिने में किसी तरह से 10 दिन किसी तरह से चलते हैं बाकी दिन बंद रहते हैं जिनमें बैंक का कोई अधिकारी का ध्यान नहीं हैं

# कुंडहित प्रखंड के बिक्रमपुर पंचायत के सटकी गांव में राजद का एक बैठक दीनू बद्यकर की अध्यक्षता में की गई

**कुंडहित प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता शेख समीम की रिपोर्ट**

कुंडहित प्रखंड के बिक्रमपुर पंचायत के सटकी गांव में राजद का एक बैठक दीनू बद्यकर की अध्यक्षता में की गई ।जिसमें मुख्य रूप से राजद के प्रदेश सचिव सह नाला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक माजी कुंडहित प्रखंड अध्यक्ष राजेश हेम्ब्रम उपस्थित थे । श्री माजी ने ग्रामीणों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2024 विधान सभा चुनाव को हासिल करने के लिए गांव गांव में जाकर कमसे कम 40 हजार नए सदस्य बनना होगा । तभी हम लोग जीत पाएंगे ।अभी हर गांव में राजद के प्रति लोगों का रुझान है। गरीबों का मसीहा लालू प्रसाद यादव और युवाओं का धड़कन बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कार्य शैली को देखते हुए जनता का रूझान बढ़ रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम



के तहत आज सटकी में राजद का संगठन मजबूत बनाने को लेकर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कुंडहित प्रखंड अध्यक्ष राजेश हेम्ब्रम ,दीनू बद्यकर झरना बाध्यकर रिंकू बध्यकर अन्हरा बद्यकार, बबीता बाध्यकर, सुद्रनी बाध्यकर, राजू बाध्यकर श्रीमंत गोंराई संतोष गोंराई ,षष्टि गोंराई, मिथुन बाउरी शिबू बाध्याकर, मानिक बाध्याकर, तारापाद बाध्यकर, शेख नूर आलम, बुधन बाउरी शेख सुमन, शेख समिम शेख, निजामुल शेख ,बुरहान शेख, कायल शेख, समसुद्दिं शेख, हसीब शेख ,नजीर शेख, नियासत्तुला ,हेमंत राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

# दिन के उजाले में खतरा बन रहे शहर की सड़कों पर से गुजरते ओवरलोड ट्रैक्टर टोलियां.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर दौड़ लगाने वाले ट्रैक्टर की ट्रालियों में खुलेआम ओवरलोडिंग की जा रही है। एक तरफ जहां वहीं ट्रालियों में क्षमता से अधिक आकार में बोरियों में काफी ऊंचाई तक अनाज की बोरियां लादकर एवं चावल गेहूं की ओवरलोडिंग की जा रही है। और अनाज के ऊपर लोग भी बैठे रहते हैं इसके कारण आए दिन हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जनहित वितरण प्रणाली के गोदाम से शहर से लेकर ग्रामीण रास्तों तक परिवहन भी अधिक देखने को मिल रहा है, लेकिन इसमें निदेर्शों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है ज्यादा रहता है खतरा नगर मे जन वितरण प्रणाली गोदाम से अनाज लाने वाले वाहनों में ऐसी स्थिति आसानी से देखने को मिलती है। वहीं शुभह दोपहर शाम वापसी में तथा रात के समय नगर से गांव की तरफ रवाना होते हुए ऐसे कई वाहन देखे जाते हैं। रात के समय ट्रॉलियों के पीछे ब्रेक बत्ती और रेडियम रिफलेक्टर नहीं होने से पीछे से आने वाले



वाहनों को ट्रैक्टर की ट्रालियां दिखाई नहीं देती।वहीं इन वाहनों को कई बार सड़क किनारे खड़ा दिया जाता है। बिजली के तारों के टकराने का खतरा लोगों का कहना है कि ऐसे ओवरलोड वाहन जब सड़कों से गुजरते हैं तो इनके ऊपर की तरफ से व साइडों से बिजली के तारों से टकराते हैं। जिससे हमेशा करंट फैलने और अनाज की बोरी में आग लगने का खतरा बना रहता है। ट्रैक्टर-ट्रॉली, इससे पीछे चलने वाले लोगों के साथ हादसा होने की संभावना बनी रहती है। वहीं ऊपर तक रखी बोरियों से बिजली के तार आदि टकराने की संभावना बनी रहती है। जिससे पाकुड़ जिले में पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। रेलवे क्रासिंग व अंडर ब्रिजों पर परेशानी कई बार रेलवे क्रासिंग से गुजरने वाले वाहनों में ऊंचाई तक भरकर रखा गया सामना यहां बिजली ऊंचाई लाइनों के संपर्क में आने का खतरा रहता है। वहीं ऐसे वाहनों के कारण संकरे अंडर ब्रिज में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के बायपास रोड पर ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली गुजरते नजर आए।
सड़क पर दौड़ रहे ऐसे ओवरलोड वाहनों से हर पल हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि शहर के मुख्य सड़क तथा बायपास पर रोड दिनभर ऐसे वाहन गुजरते हैं। शहर में कई जगह चैकिंग प्वाइंट बनाकर ट्रैफिक पुलिस चैकिंग तो करती है, लेकिन भारी वाहनों पर ओवरलोडिंग की ओर उनकी नजर ही नहीं पहुंच पाती है।

# जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का आयोजन 16 एवं 17 दिसंबर को आयोजित की जाएगी.

**दैनिक जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिला खेल कार्यालय में जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि पर्यटन, कला, संस्कृति खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड, रांची के निदेर्शानुसार जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का आयोजन किया जाना है। उक्त आयोजन को लेकर जिला ओलंपिक संघ एवं पाकुड़ जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श के उपरांत समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 16 व 17 दिसंबर को जिला स्तर पर भव्य तरीके से



मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन बैंक कॉलोनी स्टेडियम पाकुड़ में आयोजित की जाएगी। उक्त प्रतियोगिता में जिले के 6 प्रखंडों से महिला एवं पुरुष टीम भाग लेगी । विजेता टीम दुमका में आयोजित होने वाले जोनल प्रतियोगिता में दिनांक 20.12.2022 से 23.12.2022 तक शिरकत करेगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के सभी पंचायतों को फुटबॉल खेल कीट उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के महासचिव व जिला फुटबॉल संघ सचिव रणवीर सिंह, खो-खो संघ के सचिव प्रवीण कुमार, नारायण चंद्र रॉय, एमडी शकील हक, पंकज अग्रवाल आदि संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सूचना भवन सभागार में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई

## जिला परिषद अध्यक्ष ने दिया निर्देश, विभागीय अधिकारी समयबद्ध कार्यो को पूरा करवाएं।

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ सूचना भवन सभागार में शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिष्टमणी हेम्बम की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई। सभी प्रखंडों के जिला परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्या से सदन को अवगत कराया। इसके अलावा बैठक को गंभीरता से नहीं लेने वाले पदाधिकारियों को सदन ने चेतावनी दी। उन्होंने जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि लंबित पड़े विकास कार्यो को शीघ्र पूरा किया किया जा सके। विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि



बैठक में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, आपूर्ति, मत्स्य, सहकारिता, शिक्षा विभाग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप गुलाम अहमद, महेशपुर विधायक प्रतिनिधि, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला परिषद के सभी सदस्य एवं सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# उज्जवला दादी ने हक अधिकार के लिए किया बैठक

## संगठित होकर लड़ाई के बिना हक अधिकार नहीं मिलेगा पिंकी घोष

**दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाददाता विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मुरूडीह साल बागान में पूर्व प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष चिंतामणि भंडारी की अध्यक्षता में उज्जवला दीदी की एक बैठक की गई ।उक्त बैठक में जिला पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष संतन मिश्रा समाजसेवी विष्णु मंडल प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती पिंकी घोष ने उज्जवला दीदी की बैठक में शिरकत करते हुए, उन्होंने बताया कि सरकार से अपने अधिकार हक की लड़ाई के लिए संगठित होकर रणनीति के तहत कार्य करना होगा। इसलिए ग्रामीण स्तर से संघटित होकर उज्जवला दीदी को संघर्ष के लिए प्रेरित करना होगा तभी सरकार



उज्ज्वला दीदी के अधिकार देंगे उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व के रघुवर सरकार ने कुछ भत्ता आदि का भी उज्जवला दीदी के लिए प्रवधान किया गया था। जब से झारखंड प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार ने बागडोर संभाला तब से उज्जवला दीदी के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि पूर्व सरकार द्वारा भत्ता का भी व्यवस्था किया गया था। आज भक्ता से उज्जवला दीदी वंचित हैं ।इसलिए अपना हक अधिकार को दावे के साथ प्रस्तुत करने के लिए आप सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़ना होगा।

# सीएचसी पाकुड़िया में 20 महिलाओं का किया गया सफल बंध्याकरण.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में सरकार की महत्वाकांक्षी परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 20 महिलाओं का निःशुल्क बंध्याकरण ऑपरेशन निश्चेतक डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह की अगुवाई में सर्जन डॉ पंकज कुमार विराजी के द्वारा शनिवार को किया गया। इस दौरान प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवो से पहुंची महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। इसके तुरंत बाद ही महिलाओं को सभी जरूरी दवा एवं अन्य सामग्री का भी मुफ्त बितरण किया गया। मौके पर ही सभी लाभार्थियों को उनके खाते में दो हजार रुपये और उत्प्रेरकों को तीन तीन सौ रुपया करके सभी के



संबंधित खातों में हस्तांतरित किया गया, मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अभय कुमार, डॉ गंगा शंकर शाहे, डॉ ए एच मंजर सहित ए एन एम बसंती टुडू ,धने देहरी,अनुपम रोनडा, मंजू लता हेमरोम, पिंकी शीला टुडू,बबीता कुमारी,ज्योत्स्ना मुर्मू, कल्पना कुमारी, शीला कुमारी, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। चिकित्सक प्रभारी डॉ अभय कुमार यादव ने बताया कि यहां नियमित रूप से बंध्याकरण किया जाता है। एवं जरूरतमंदों को इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# एबीवीपी की नगर में बैठक संपन्न , जी20 वसुधैव कुटुंबकम पोस्टर का विमोचन.

## जी20 अध्यक्षता 130 करोड़ भारतीयो के लिए गौरव का विषयः अभाविप.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ के कार्यकताओं की बैठक नगर मंत्री सुमित पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से कला मंच की प्रदेश सह संयोजिका दिशा बजाज , विभाग संयोजक अमित साहा , जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय की उपस्थिति में नगर इकाई पुनर्गठन, 24 से 27 दिसंबर तक अभाविप झारखंड के 22 वें प्रदेश अधिवेशन हजारीबाग तथा 11 दिसंबर से राष्ट्रीय जनजाति कार्य सह प्रमुख प्रमोद राऊत के पाकुड़ आगमन पर प्रवास योजना , प्लस टू एवं महाविद्यालय संबंधी समस्याओं आदि के विषयों पर गई साथ ही भारत को जी20 देशों के समूह की अध्यक्षता मिलने पर पोस्टर विमोचन कर खुशी मनाई गई। नगर मंत्री सुमित पांडे ने बताया कि 17 दिसंबर को पाकुड़ नगर इकाई का पुनर्गठन तय हुआ है साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन देकर राज प्लस टू विद्यालय में राजनीति विज्ञान ,भूगोल, अंग्रेजी हिंदी एवं इतिहास विषय में शिक्षक की मांग अभाविप के कार्यकर्ता करेंगे वही प्रदेश कला मंच की सह संयोजिका दिशा बजाज जी ने बताया कि 24 से 27 दिसंबर को अभाविप झारखंड प्रदेश का 22 वा अधिवेशन हजारीबाग में सुनिश्चित



हुआ है इसमें जिले से अभाविप के 50 प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। तथा प्रदेश की योजना के अनुसार छात्र हितों में संगठन की कार्य गति को दिशा एवं दशा प्रदान करेंगे बैठक के अंतिम सत्र में ऋ20 देशों के समूह की अध्यक्षता भारत को प्राप्त होने पर विभाग संयोजक अमित साहा एवं जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय के नेतृत्व में जी20 का अध्यक्ष देश भारत के वसुधैव कुटुंबकम विचार के पोस्टर का विमोचन हुआ। इस अवसर पर विभाग संयोजक अमित साहा एवं जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि आजादी के इस अमृत काल में देश के सामने यह बहुत बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है, गौरव बढ़ाने वाली बात है। आज जब भारत जी20 की अध्यक्षता करने जा रहा है तो ये आयोजन हमारे लिए 130 करोड़ भारतीयों की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतिनिधित्व है। इस पोस्टर विमोचन के मौके पर अभाविप के केकेएम कॉलेज अध्यक्ष मनोज रजवार राज प्लस टू अध्यक्ष आनंद भंडारी जी,सुमित सेन, सूरज कुमार, रितिक सिंह, निखिल दास, शांतनु दास, मानिक शाह, मुकेश शाह, सोनू कुमार, रोहित कुमार,अनिकेत, सोनू केवट, उज्जवल रविदास, प्रियंका घोष, मान्यता भगत, नेहा तथा अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कुमारी,स्वीटी हसदा, ज्योति कुमारी, प्रीति कुमारी, माधुरी दत्ता, ज्योति रजवार, ज्योति कुमारी तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पाकुर द्वारा महिला दर्जी 30 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड सदर प्रखंड परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पाकुड़ द्वारा जेएसएलपीएस के हुनर दीदियों का महिला दर्जी का तीस दिवसीय आवासीय कार्यक्रम का समापन हुआ आयोजित कार्यक्रम में निदेशक आरसेटी कृष्णा दास, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस पाकुड़ फैज आलम और वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक आरसेटी पाकुड़ अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रूप से सफल 32 महिलाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया निदेशक कृष्णा दास ने सभी सफल प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं फैज आलम ने दीदियों को संबोधित करते हुए स्वरोजगार बनने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होने हुनर योजना के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वरोजगार से जोड़ना और महिला सशक्तिकरण के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना




हैमौके पर उपस्थित आरसेटी के वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार बर्धन ने सभी अतिथियों और दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला दर्जी एक ऐसी व्यवसाई हैं जिसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं में वस्त्र शामिल हैं। वर्तमान समय में फैशन का दौर हैं। हमेशा नई-नई डिजाइन के कपड़े की मांग हैं। महिलाए आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर हो सकते हैं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेट द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी अरुण नाथ तिवारी और वानपलाशी सरकार ने किया आज के इस मौके पर ट्रेनर सांत्वना भगत, संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनाई और संजीव कुमार मुर्मू उपस्थित थे।

# गुजरात में फिर से खिला कमल

## खुशी से गदगद होकर भाजपाई ने आपस में मिठाई बांटे!

**दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाददाता विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंगूठियां मोड़ पर भाजपाइयों द्वारा मिठाईयां बांटी गई ।अध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि गुजरात में सिलसिलेवार रूप भारतीय जनता पार्टी की विजय हो रहा है ।यह एक शुभ संकेत है



।उसी विजय को लेकर आपस में मिठाइयां बांटी गई। प्रदेश किसान मोर्चा विष्णु मंडल पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष संतन मिश्रा अमित भैया ,मनोज गोस्वामी, निर्मल भंडारी ,सुबोध झा, पिंकी सामंत, विभा सिंह,चिंतामणि भंडारी आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव में 10 दिवसीय कालाजार खोज अभियान हुआ प्रारंभ.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखंड में 10 से 20 दिसंबर से पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव में घर घर कालाजार खोज अभियान चलाया जा रहा है, 10 दिसंबर शनिवार से



कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है, शनिवार को एमपीडब्ल्यू प्रभात दास के द्वारा बसंतपुरा एबम राधानगर में मॉनिटरिंग किया गया मौके पर सहिया उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में आज भी उपयोग किया जाता पौराणिक युग के लकड़ी के मशीन!

## सेहत के लिए बहुत उपकारी है महुआ बीजू का तेल!

**दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाददाता विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण अंचल में अधिकतर देखा जाता है कि पौराणिक युग के तेल निकालने का ग्रामीण स्तर के लकड़ी का मशीन। यह नजारा



फतेहपुर प्रखंड के आसन बेड़िया पंचायत के आमगाछी ग्राम की है। जहां पर्वत श्रृंखला के बीचो बीच कम जनसंख्या आबादी वाला आमगाछी गांव है। गांव के चारो ओर महुआ के पेड़ बहुत मात्रा में है ।महुआ के फूल, फल के साथ बीजू भी कम लाभदायक नहीं है। बीजू से उस मशीन द्वारा तेल निकालने की प्रक्रिया की परंपरा आज भी बरकरार है। सेहत के लिए बीजू का तेल बहुत उपकारी है। ढेकी उपक्रम द्वारा कूठाई करके पुटली बनाकर लकड़ी के मिशन में डाला जाता है ।रस्सी के द्वारा विशेष नियम अनुरूप किया जाता है, तब तेल निकलता है ।तेल का उपयोग के साथ खल्ली का भी उपयोग ग्रामीण क्षेत्र में सांप को भगाने के काम में आता है। खल्ली का गंध से सर्प दूर भाग जाता है।

# पुलिस ने अवैध रूप से कोयला लदे दो जुगार वाहन को किया जप्त.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़ /महेशपुर पुलिस ने बीते गुरुवार को गश्ती के दौरान अवैध रूप से कोयला लदे दो जुगाड़ वाहन को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार




देर शाम गश्ती के दौरान थाने के एएसआई शिवानंद प्रसाद ने इंग्लिशपाड़ा के समीप महेशपुर से पश्चिम बंगाल की ओर जाते देख दोनों जुगाड़ वाहन को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। जिसके बाद एएसआई शिवानंद प्रसाद ने उससे कागजात की मांग करने पर चालक कोई कागजात नहीं दिखा पाया। चालकों द्वारा बताया गया कि जुगाड़ वाहन में लदे कोयले को अमडापाड़ा कोल माइंस रोड से लोड कर पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। जिसके बाद दो जुगाड़ वाहन को थाना लाया गया। वही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के मुरारई थाना क्षेत्र के घुसकुरा गांव निवासी नकीबुल शेख, केताबुल शेख, जसीमुद्दीन शेख को गिरफ्तार कर शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच करा कर जेल भेज दिया है।

# उदय लखवानी बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदय लखमानी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि का महासचिव नियुक्त करने पर पाकुड़ जिला के



कांग्रेस कार्यकताओं सहित आम लोगों मे खुशी का माहौल है, लखमानी को चाहने वालों का बधाई संदेश का सिलसिला जारी है ' पाकुड़ जिला कांग्रेस सचिव कृष्णा यादव,चीफ इनरोलर सोनू आलम,वरिष्ठ कांग्रेसी मैनुल हक, अनवर अली,नाजू शेख सहित कांग्रेस कार्यकताओं ने उदय लखमानी को बुके देकर बधाई दी, उदय लखमानी ने कांग्रेस प्रदेश महासचिव नियुक्त करने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर,
माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग सह विधायक दल के नेता आलमगीर आलम एवं युवा नेता तनवीर आलम को धन्यवाद दिया एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया, उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है उस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# महेशपुर थाना प्रभारी ने आपने टीम के साथ अवैध कोयला लदे ट्रैक को जप्त किया.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड में शनिवार सुबह को महेशपुर थाना प्रभारी सुनील




कुमार रवि ने गुप्त सूचना के आधार पर पोचोईबेडा गांव के समीप अवैध कोयला लदे दो ट्रक को जब्त किया है। दोनों ट्रक को थाना परिसर में रखा गया है. थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध तरीके से कोयला लेकर चालक पोखरिया के रास्ते से गुजरने वाला है। त्वरित कार्रवाई करते हुए जेएसआइ पुनीत कुमार गौतम, आनंद पंडित, एएसआई शिवानंद प्रसाद के साथ पोचोईबेडा गांव की ओर प्रस्थान किए. उसी समय ट्रक डबल्यूबी 65ऐ-6518 सहित और एक दस पहिये का ट्रक को कोयला लोड कर रहे ट्रक को जब्त किया गया।

# 11000 वोल्ट विद्युत तार गिरने से एक युवक हुआ घायल.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड के शहरग्राम पंचायत के भीमपुर गांव में



10/12/2022 शनिवार को विद्युत विभाग का 11000 वोल्ट की तार गिर जाने के कारण एक युवक हुआ घायल,युवक का नाम टीकू सोरेन जो भीमपुर के रहने वाले है। 45 वर्षीय टीकू सोरेन के परिवार ने बताया कि नजदकी सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस की व्यवस्था न होने के कारण उसे भाड़े का गाड़ी करने के लिए काफी दूर जाना पड़ता जिस कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। कोई वाहन उपलब्ध न होने के कारण शहरग्राम पंचायत का समिति सदस्य सावित्री सोरेन ने टीकू सोरेन को अपनी गाड़ी में बैठकर सदर अस्पताल सोनाजोड़ी ले जा कर इलाज करवाया। वहां पर भीमपुर के प्रधान, प्रधान सोरेन तथा प्रधान मरांडी और कुछ गांव के लोग उपस्थित थे।